You Tube Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar




हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ एवं उत्तराखंड में प्रसारित



आम आदमी का फोन रिसीव करें अधिकारी: सीएम.....०१ | Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in | सियासी उठापटक रोकने के लिए शरीफ का नया दाव....०६

वर्ष: ०१ अंक: 339 | बदायूं, शनिवार 15 जून 2024 | पृष्ठ- ०६ | मूल्य- 4.०० रूपये

# ध्वस्त होगा अवैध रूप से बना शिव मंदिर: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** 29 मई को दिल्ली उच्च न्यायालय के अवैध रूप से बने शिव मंदिर को गिराने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा है। न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की अवकाश पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। दरअसल दिल्ली उच्च न्यायालय के 29 ने यमुना के डूब क्षेत्र में स्थित एक शिव मंदिर को गिराने की अनुमति दी गई थी।



प्राचीन शिव मंदिर को गिराने का आदेश देते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा था कि भगवान शिव को अदालत के संरक्षण की आवश्यकता नहीं है। यह हम लोग हैं जो भगवान शिव की सुरक्षा और आशीर्वाद चाहते हैं। यदि यमुना नदी के तल और बाढ़ के मैदान को अतिक्रमण और अवैध निर्माण से मुक्त कर दिया जाए तो भगवान शिव अधिक प्रसन्न होंगे। यदि यमुना नदी के तल और बाढ़ के मैदान को अतिक्रमण और अवैध निर्माण से मुक्त कर दिया जाए तो भगवान शिव अधिक प्रसन्न होंगे। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा था कि भगवान शिव को किसी के संरक्षण की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि उसने यमुना नदी के किनारे अनधिकृत तरीके से बनाए गए मंदिर को हटाने से संबंधित याचिका में उन्हें पक्षकार बनाने से इनकार कर दिया था।

याचिकाकर्ता प्राचीन शिव मंदिर एवं अखाड़ा समिति ने दावा किया था कि मंदिर आध्यात्मिक गतिविधियों का केंद्र है, जहां नियमित रूप से 3०० से 4०० श्रद्धालु आते हैं। याचिका में दावा किया गया था कि मंदिर की संपत्तियों की पारदर्शिता, जवाबदेही और जिम्मेदार प्रबंधन को बनाए रखने के लिए 2०18 में सोसायटी का पंजीकरण किया गया था। हाई कोर्ट ने कहा था कि विवादित जमीन व्यापक जनहित के लिए है और याचिकाकर्ता सोसायटी इस पर कब्जा करने और इसका इस्तेमाल जारी रखने के लिए किसी निहित अधिकार का दावा नहीं कर सकती। यह जमीन शहरी विकास मंत्रालय द्वारा स्वीकृत जोन-ओ के लिए क्षेत्रीय विकास योजना के अंतर्गत आती है। हाई कोर्ट ने कहा था कि याचिकाकर्ता सोसायटी जमीन पर अपने मालिकाना हक, अधिकार या हित के संबंध में कोई दस्तावेज दिखाने में बुरी तरह विफल रही है और इस बात का कोई सबूत नहीं है कि मंदिर का कोई ऐतिहासिक महत्व है।

पीठ ने कहा, प्राचीन मंदिर का प्रमाण कहां है? प्राचीन मंदिर सीमेंट और रंग-रोगन से नहीं, बल्कि चट्टानों से बनाए गए थे। शुक्रवार को मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस पीवी संजय कुमार और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की अवकाश पीठ ने कहा कि चुनौती दिए गए हाईकोर्ट के आदेश में कोई कमी नहीं है और इसमें कोई दोष नहीं है। जस्टिस कुमार ने विध्वंस को चुनौती देने में याचिकाकर्ता समिति के अधिकार पर भी सवाल उठाया। जस्टिस कुमार ने कहा, ष्आप बाढ़ के मैदानों में अखाड़ा कैसे बना सकते हैं? क्या अखाड़ा आम तौर पर (भगवान) हनुमान से जुड़ा नहीं है?

# सीएम ने दिए निर्देश: आम आदमी का फोन रिसीव करें अधिकारी

## विवादित स्थलों पर न हो बकरीद पर कुर्बानी


**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनता दर्शन दोबारा शुरू हो गया है। जिलों से आ रहीं शिकायतों एवं आवेदनों की समीक्षा हो रही है। जहां से अधिक शिकायतें मिलेंगी, वहां के अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। जनता दर्शन कार्यक्रम जिला, रेंज, जोन स्तर भी शुरू हो। अधिकारी जहां जनसुनवाई करेगा, इसकी सूचना जनता को पहले से दे। लोगों की समस्याएं सुनें और तत्काल निस्तारण करें। कॉमन मैन की संतुष्टि ही आपके काम का मानक है। उसका विश्वास जीतें। फील्ड में तैनात अधिकारियों को सीयूजी फोन जनता के लिए मिले हैं, इसे चालू रखें। अधिकारी फोन स्वयं रिसीव करें, अथवा कॉल बैक करे। अपने सरकारी आवास पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्री ने मंडल, रेंज और जिलों में तैनात विभिन्न विभागों के अधिकारियों से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के बाबत कहा कि ब्लॉक, जिला मुख्यालय, सचिवालय, यदि कहीं भी अनैतिक लेन-देन की शिकायत मिली तो इसमें संलिप्त लोगों पर कार्रवाई होनी तय है। वहीं आगामी त्योहारों के संबंध में उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पुलिस कमिश्नरों, मंडलायुक्तों, डीएम व पुलिस कप्तानों को निर्देश दिया कि जून और जुलाई में तमाम पर्व, मोहर्रम और कांवड़ यात्रा आदि हैं। यह समय अत्यंत संवेदनशील है, लिहाजा लगातार एक्टिव मोड में रहना होगा। पूर्व के अनुभव बताते हैं कि जहां स्थानीय प्रशासन ने संवादहीनता रखी, वहां अप्रिय घटना की स्थिति बनी। इससे सीख लेते हुए सतर्क रहना होगा। वरिष्ठ अधिकारी धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों से संवाद बनाएं।



## एक नजर

### जी7 शिखर सम्मेलन पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली।** जी7 शिखर सम्मेलन के 'आउटरीच' सत्र में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इटली की यात्रा पर हैं। रवाना होने से पहले उन्होंने गुरुवार को कहा था कि सम्मेलन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्यसागरीय क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी7 शिखर सम्मेलन पहुंचे। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने पीएम मोदी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर अपुलिया में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान पीएम मोदी ने भारत-ब्रिटेन के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# प्रश्न-पत्र लीक समेत अन्य गड़बड़ियों के आरोपों की सीबीआई जांच की मांग, केंद्र-एनटीए को सुप्रीम नोटिस

**नई दिल्ली।** नीट-यूजी विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को नोटिस जारी किया। नोटिस राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक, 2०24 में प्रश्नपत्र लीक और अन्य गड़बड़ियों के आरोपों की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका को लेकर जारी किया गया है। इसके अलावा कोर्ट ने याचिकाओं को अलग-अलग हाईकोर्ट से शीर्ष अदालत में हस्तांतरित करने की मांग वाली राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की याचिका पर भी सभी पक्षों को नोटिस जारी किया है। याचिका पर 8 जुलाई को सुनवाई की जाएगी। जस्टिस विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाश पीठ ने मामले की सुनवाई की। इस दौरान राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के वकील की इस दलील पर गौर किया कि प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य गड़बड़ियों के आरोपों के आधार पर नीट-यूजी को रद्द करने की मांग करने वाली कई याचिकाएं कई उच्च न्यायालयों में लंबित हैं।




पीठ ने कहा कि हम नोटिस जारी कर रहे हैं। इन पर 8 जुलाई को सुनवाई होगी। इस बीच एनटीए ने कहा कि वह तीन अन्य याचिकाओं को वापस लेना चाहता है, जो उच्च न्यायालयों से मामलों को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने की मांग कर रही थीं, क्योंकि वे 5 मई को परीक्षा के दौरान समय की बर्बादी के कारण 1,563 उम्मीदवारों को अनुग्रह अंक देने से संबंधित थीं। एनटीए के वकील ने कहा कि अब यह मामला सुलझ गया है और वह 1,536 उम्मीदवारों को दिए गए ग्रेस मार्क्स रद्द करने के फैसले और शीर्ष अदालत के 13 जून के आदेश के बारे में उच्च न्यायालय को सूचित करेंगे। नीट-यूजी परीक्षा को लेकर चल रहे विवाद के बीच केंद्र और एनटीए ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उन्होंने एमबीबीएस और ऐसे अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परीक्षा देने वाले 1,563 उम्मीदवारों को दिए गए ग्रेस मार्क्स रद्द कर दिए हैं।

# राज्यपाल बोलीं, ट्रैफिक नियम का पालन न करने वालों से कराएं रक्तदान

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा है कि जो युवा ट्रैफिक नियम का पालन नहीं कर रहे हैं उनसे रक्तदान कराया जा सकता है। वे शुक्रवार को केजीएमयू के ब्राउन हाल में आयोजित समारोह में बोल रही थीं। इस मौके पर उन्होंने रक्तदान और रक्तदान शिविर लगाने के लिए व्यक्ति और संस्थाओं को सम्मानित किया। राज्यपाल ने कहा कि तमाम जागरूकता के बावजूद अभी भी पर्याप्त मात्रा में रक्तदान नहीं हो पा रहा है। ऐसे में इसके लिए नए तरीके तलाश करने होंगे। प्रदेश की जेलों में रक्तदान शिविर लगाया जा सकता है। उनके अनुसार हर कानून तोड़ने पर सजा का प्रावधान नहीं है। सामान्य ट्रैफिक नियमों का पालन न करने वालों से पुलिस रक्तदान करा सकती है। सामान्य मामलों में सजा के बजाय अस्पताल में सेवा और रक्तदान का निर्देश दिया जा सकता है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा, केजीएमयू कुलपति प्रो सोनिया नित्यानंद, एनएचएम निदेशक पिंकी जोवेल और प्रति कुलपति अपजित कौर उपस्थित रहे।

# अकबरनगर के दूसरे इलाके में गरज रहे बुलडोजर

**लखनऊ।** कुकरैल रिवर फ्रंट के दायरे में आ रहे अकबरनगर द्वितीय में अवैध निर्माण ढहाने के बाद बीती देर शाम अकबरनगर प्रथम में अभियान शुरू हो गया। यहां पहले दिन 54 मकान-दुकान पर बुलडोजर चला। इससे पहले अकबरनगर द्वितीय में अभियान के चौथे दिन 83 अवैध निर्माण ढहाए गए। यहां तोड़े गए मकान-दुकान की संख्या 395 हो गई है। इस जगह पर महज दो निर्माण बचे हैं।



अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने बताया कि अकबरनगर प्रथम में 85० अवैध दुकानें व मकान हैं। बंधे की ओर से कार्रवाई शुरू हुई है। निर्माण जल्द तोड़ने के लिए पोकलेन, जेसीबी की संख्या बढ़ाई जाएगी। इससे पहले सुबह 7ः35 बजे एलडीए वीसी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, नगर आयुक्त डॉ. इंद्रजीत सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ अकबरनगर प्रथम की एक-एक गली में मार्च किया और लोगों को 24 घंटे में घर खाली करने की चेतावनी दी। यहां की बिजली भी काट दी गई। इसके बाद परिवार गृहस्थी का सामान लेकर बसंतकुंज योजना के प्रधानमंत्री आवासों में पहुंचने लगे। शाम तक 7० फीसदी अकबरनगर प्रथम खाली हो चुका था। चार दिन की मेहनत के बाद प्रशासन की टीम ने बृहस्पतिवार शाम अकबरनगर द्वितीय को मैदान बना दिया। यहां सिर्फ दो अवैध निर्माण अभी भी खड़े हैं, जिनमें एक धार्मिक स्थल और मदरसे के शिक्षकों ने शिविर कार्यालय में वीसी से मुलाकात कर कार्रवाई से पहले 6०० से ज्यादा बच्चों को शिफ्ट करने की मांग की। उनके निर्देश पर इसका सिलसिला शुरू हो गया।

अकबरनगर से विस्थापित हिंदू महिलाओं ने वीसी व अपर जिला मजिस्ट्रेट राकेश से मुलाकात कर अलग अपार्टमेंट में फ्लैट मुहैया कराने का अनुरोध किया है। अफसरों ने इसका आश्वासन दिया। अकबरनगर के 892 आवंटियों को पीएम आवास का कब्जा दिया जा चुका है। एलडीए के उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी का कहना है कि अदालत के आदेश पर अकबरनगर प्रथम में भी अवैध दुकान, मकान तोड़ने का सिलसिला शुरू हो गया है। रात आठ बजे तक 3० से ज्यादा अवैध निर्माण को गिराया जा चुका है। दो दिन में अकबरनगर प्रथम मैदान हो जाएगा।

# अयोध्या पहुंचे चंद्रशेखर आजाद, बोले- धर्म को राजनीति से दूर रखें

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अयोध्या।** नगीना लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद चंद्रशेखर आजाद अयोध्या पहुंचे। एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा कि अयोध्या लोकसभा चुनाव में अयोध्यावासियों ने बहुत बड़ा काम किया है। इससे यह स्पष्ट हो गया कि धर्म अब राजनीति से दूर रहे, तो ज्यादा अच्छा है क्योंकि अब बुनियादी मुद्दों पर बात होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि रोजगार और महंगाई पर बात होनी चाहिए। धर्म आदमी का व्यक्तिगत अधिकार है, कोई किसी धर्म में आस्था रखे। चाहे हिंदू, इस्लाम, ईसाई, सिख और जैन धर्म राजनीति में न लाया जाए, तो बहुत अच्छा होगा। इससे जनता के मुद्दों पर बात हो सकेगी।



चंद्रशेखर ने कहा कि अर्धसैनिक बल के मुद्दे को संसद में उठाऊंगा। पुलिस और अर्धसैनिक बल बहुत बुरी स्थिति में हैं, मैं उनके लिए बहुत चिंतित हूं। जब हम अच्छे कूलर में बैठे हैं तो वह गर्मी में खड़े रहते हैं। वे खूब पसीना बहाते हैं। उनको छुट्टियों के लिए बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इनसे आठ घंटे की ड्यूटी करवाई जाए। इनकी वेतन विसंगतियों को दूर किया जाए।

उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना के खिलाफ हम लोग शुरू से हैं। अग्निवीर योजना के जरिए सेना का मनोबल डाउन हुआ है। कोई क्यों चार साल की नौकरी करेगा। सब कुछ ठेकेदारी पर नहीं चलेगा। सरकार इस मुद्दे पर गंभीर हो तो बेहतर है। नीट परीक्षा को लेकर कहा कि सरकार मान जाए तो अच्छा है। नहीं तो दिल्ली में बहुत बड़ा आंदोलन होगा। हम बच्चों के साथ खड़े हैं, किसी भी परीक्षा में कोई भी धोखा नहीं होना चाहिए। केंद्र सरकार के बारे में कहा कि यह लंगड़ी सरकार है। कभी भी गिर सकती है। उसके हालात सब लोग जानते हैं कि कैसे सरकार बनाई गई है। 4०० पार का नारा दिया था। 25० भी क्रॉस नहीं कर पाए। जनता भाजपा के खिलाफ है। यह पूरा चुनाव जनता ने लड़ा है। अयोध्या इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।

## गर्मी के बीच दिल्ली-एनसीआर में हुई हल्की बूंदाबांदी, चल रही तेज हवा

**दिल्ली।** एनसीआर के कई इलाकों में अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। भीषण गर्मी के बीच शुक्रवार दोपहर में दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हो रही है। गाजियाबाद, नोएडा समेत कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले दो घंटों के दौरान दिल्ली के अलग-अलग स्थानों (बुद्ध जयंती पार्क, दिल्ली कैंट) के आसपास के इलाकों में हल्की से मध्यम तीव्रता की बारिश होगी और 3०-4० किमी/घंटा की गति से तेज हवाएं चलेंगी। इससे पहले मौसम विभाग ने 14-15 जून के लिए गर्मी व लू का ऑरेंज अलर्ट व 16 से 19 जून तक लू का यलो अलर्ट जारी किया था। मानक केंद्र सफदरजंग पर गुरुवार को अधिकतम तापमान 44.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से पांच डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 29.4 डिग्री दर्ज हुआ। आयानगर में अधिकतम तापमान 46.4 व न्यूनतम तापमान 31.8 डिग्री सेल्सियस रहा।

अमर भास्कर

आवश्यकता है-

अमर भास्कर

(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र एवं न्यूज चैनल)

को पूरे देश में प्रदेश स्तर, मण्डल स्तर जिला स्तर, तहसील स्तर, ब्लॉक एवं थाना स्तर पर अनुभवी एवं शिक्षित संवाददाता एवं विज्ञापन प्रभारियों की।

संपर्क करें:-

मोबा. 9411214614, 9058143211, 7599339198

ऑफिस:-

निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक, बदायूँ (उ.प्र.)- 243601

www.amarbhashkar.com

Email- amarbhashkar21@gmail.com

# पटाखा फैक्टरी में विस्फोट से चार मजदूर घायल

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**मुरादाबाद।** अतरासी–अमरोहा मार्ग स्थित पटाखा फैक्टरी में शुक्रवार सुबह तेज धमाके के साथ आग लग गई। इसमें चार मजदूर बुरी तरह झुलस गए। दो मजदूरों को गंभीर हालत में दिल्ली रेफर किया गया है। दो का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।



डीएम राजेश कुमार त्यागी, एसपी कुंवर अनुपम सिंह समेत आला अधिकारियों ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। डीएम ने पटाखा फैक्टरी का लाइसेंस निरस्त कर मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। यह फैक्टरी सूदनपुर गांव के रहने वाले हाशिम के घर में चल रही थी। जिसे हापुड़ जनपद के मोहल्ला शिवगढ़ी निवासी कामरान अहमद चल रहा था। हाशिम ने अपना मकान कामरान अहमद को किराए पर दे रखा था। करीब पांच साल से चल रही इस फैक्टरी में पटाखे तैयार करने के बाद भंडारण किया जाता था। इस फैक्टरी में हापुड़ के मोहल्ला शिवगढ़ी निवासी भोला, मंगूपुरा गांव निवासी ममता, रीता, देवपुरा गांव निवासी अनीता और मनीषा समेत आठ मजदूर काम कर रहे थे। फैक्टरी मालिक कामरान अहमद का भी आना–जाना रहता था। शुक्रवार की सुबह साढ़े आठ बजे फैक्टरी में मजदूर काम कर रहे थे। इस दौरान संदिग्ध हालत में पटाखों में आग लग गई। इससे पहले मजदूर कुछ समझ पाते पटाखे और बारूद में तेज धमाका होने लगे। आग लगी बारूद फैक्टरी के बाहर चारों तरफ जाकर गिरी। जिससे झाड़ियों में भी आग लग गई। इस अग्निकांड में मजदूर भोला, ममता, मनीषा और अनीता बुरी तरह झुलस गए।

फैक्टरी में धमाका इतनी तेज हुआ कि आसपास के लोग अचंभित रह गए। फैक्टरी की टीनशेड उड़कर दूर जा गिरी। आग फैक्टरी के चारों तरफ फैल गई। थोड़ी देर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी मिलते ही रजबपुर पुलिस, एसडीएम सदर सुधीर कुमार और सीओ सिटी मौके पर पहुंच गए।

## कुंवर राजबाबू गहलौत प्रदेश उपाध्यक्ष नामित



**हाथरस।** हिन्दू–मुस्लिम राजपूत एकता मंच के माननीय राष्ट्रीय महासचिव ठाकुर श्री निशांत चौहान साहब जी एवं माननीय प्रदेश अध्यक्ष अयाज राजपूत साहब जी ने संगठन का विस्तार करते हुए ठाकुर कुंवर राजबाबू गहलौत को प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर नामित किया है।

ठाकुर कुंवर राजबाबू गहलौत की संगठन के प्रति पूर्व में किये गये कार्यों को देखते हुए उन्हें यह कार्यभार सौंपा गया है। इनसे यह अपेक्षा की जाती है कि संगठन के संविधान एवं मर्यादा का ध्यान में रखते हुए कार्य करते रहेंगे।

# राष्ट्रीय सर सैयद विचार मंच ने लगाई शरबत की प्याऊ

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** भयंकर गर्मी और चिलचिलाती धूप से राहगीरों को भारी किल्लत को दृष्टिगत रखते हुए आज राष्ट्रीय सर सैयद विचार मंच के सौजन्य से शमशाद मार्केट चौराहे पर एक शरबत कैंप का आयोजन किया गया।



जिसका उद्घाटन सेवानिवृत्त यूनिवर्सिटी इंजीनियर फिरोज खान, तारिक गांधी, अब्दुल लतीफ खान, चौधरी गुलाम रब्बानी, अंजार साबरी तथा डॉक्टर आरिफ अली खान ने संयुक्त रूप से किया तथा कहा कि इस तरह के आयोजन करना ही समाज की सच्ची सेवा है हजारों राहगीरों ने कैंप में शरबत पीकर राहत की सांस ली विदित हो कि मौसम ऋतु के हिसाब से राष्ट्रीय सर सैयद विचार मंच की ओर से गर्मियों में शरबत कैंप तथा सर्दी ऋतु में गरीब लोगों को गर्म कपड़ों का वितरण जैसे आयोजन होते ही रहते हैं।

शरबत कैंप आयोजन में उपस्थित सभी सहयोगियों और साथियों का मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष तारिक गांधी ने आभार व्यक्त किया इस आयोजन में सेवानिवृत्ति यूनिवर्सिटी इंजीनियर फिरोज खान, समाजसेवी अब्दुल लतीफ खान, चौधरी गुलाम रब्बानी साहब, डॉक्टर आरिफ अली खान, अंजार साबरी, इम्तियाज खान, निसार अहमद, बॉबी वसी मोहम्मद अरसलान, शाहिद अली, अहमद सईद, सरदार हरविंदर सिंह ,नदीम, नीरज दास आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# पावरलिफ्टिंग नेशनल चौम्पियनशिप में यूपी ने हासिल किया तीसरा स्थान

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**हाथरस।** दिल्ली में 7 से 11 जून तक संपन्न हुई नेशनल सब जूनियर जूनियर एवं नेशनल डेट लिफ्ट चौंपियनशिप में उत्तर प्रदेश पावरलिफ्टिंग टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सब जूनियर, जूनियर पुरुष वर्ग एवं महिला वर्ग पावरलिफ्टिंग चौंपियनशिप का खिताब जीता। दोनों ही वर्गों में उत्तर प्रदेश टीम ने सर्वाधिक पदक प्राप्त कर चौंपियनशिप की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।



वहीं नेशनल डेड लिफ्ट चौंपियनशिप में महिला वर्ग की चौंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा किया जिसमे जिला हाथरस की कुंती कश्यप ने पॉवार लिफ्टिंग में 2 नंबर का खिताब तथा पुरुष वर्ग में उत्तर प्रदेश टीम तीसरे स्थान पर रही। प्रदेश टीम ने कुल 14 स्वर्ण एवं 15 रजत एवं 10 कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। टीम की इस उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश शुक्ला, उपाध्यक्ष रूमित सिंह सागरी, राजेश दीक्षित, नीरज कमार, मनीष मिश्रा सधांश आर्य अनिल कुशवाहा, विजय कुमार सौरभ गौर, धीरेंद्र सिंह राजधार मिश्रा, राकेश तिवारी, पूनम तिवारी, मधु सिंह आसिया दि ने बधाई दी। ये रहे पदक प्राप्त करने वाली खिलाड़ी उत्तर प्रदेश पावर लिफ्टिंग संघ के महासचिव राहुल कुमार शुक्ला ने जानकारी दी कि स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में सृष्टि यादव, पूनम सिंह, नैंसी कटिहार दिवाकर, गुनगुन, सोनू शर्मा अंजलि गौड, प्रिंसी कटिहार अनीता देवी, पुष्पा, दीपिका संखवार। पुरुष वर्ग में अभिषेक भारद्वाज, अभिषेक कटिहार, शोभित दिव्या कटियार, राहुल तिवारी, आलोक गुप्ता, लखविंदर, चंद्रवीर सिंह। रजत प्रताप प्राप्त करने वाले खिलाड़ी श्रेया गौर, जिज्ञासा, कशिश चौधरी, पुरुष वर्ग में लखविंदर, अभय सिंह, यश राज गंगवार, डॉ. संस्कार त्यागी, वासु, राघव, अनुराग, कांस्य पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी शिवानी वर्मा, यादव, हेमा रस्तोगी, आलोक गुप्ता, सोनू यादव, अनमोल, आदित्य सिंह आदि मौजूद रहे।

## स्टेज पर गांजा पीने लगा दुल्हा, शादी से इन्कार



**भदोही।** कोतवाली के फत्तूपुर क्षेत्र में नशेड़ी दुल्हे को देख दुल्हन ने शादी से इनकार कर दिया। युवती द्वारा शादी के लिए इनकार किये जाने के बाद कन्या पक्ष क लोगों ने दुल्हे के पिता और दादा को बंधक बना लिया। मामला कोतवाली पहुंचने पर पुलिस ने दोनों पक्षों में समझौता कराया। भदोही कोतवाली के फत्तूपुर निवासी शीला देवी की बेटी पिंकी की शादी जौनपुर जिले के जयरामपुर के तहसीलदार गौतम से होनी थी।

बुधवार की रात फत्तुपुर में बारात पहुंची। देर शाम बाराती नाचते–गाते द्वारचार को पहुंचे। द्वारचार के बाद जयमाल शुरू हो गया। बताया जा रहा है कि जयमाल के दौरान दुल्हे नशे में था और काफी गाली–गलौच भी कर रहा था। जयमाल के बीच दुल्हा स्टेज से उतरकर नीचे चला गया और स्टेज के पीछे कुछ बैंड–बाजे वालों के साथ गांजा पीने लगा। इसकी जानकारी वधू पक्ष हो हुई तो उन्होंने इस पर ऐतराज जताया। इसके बाद दूल्हा जयमाल स्टेज पर आकर गांजा पीने लगा। इतना देखने के बाद दुल्हन नाराज हो गई और शादी से इनकार कर दिया। दुल्हन के शादी से इनकार करते हुए बखेड़ा खड़ा हो गया।

काफी देर तक मान मनौव्वल चलता रहा। मामला बढ़ने पर कन्या पक्ष ने दूल्हे तहसीलदार गौतम के साथ उसके पिता जयप्रकाश और. दादा मेवा लाल को बंधक बना लिया। कन्या पक्ष शादी में खर्च हुए आठ लाख वापस देने की मांग करने लगा। इस बीच कई बाराती मौका देखकर निकल गए। मामला कोतवाली तक पहुंच गया।

# इविवि की परास्नातक प्रवेश परीक्षाएं एक जुलाई से

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**इलाहाबाद।** विश्वविद्यालय की परास्नातक प्रवेश परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। परीक्षाएं एक से चार जुलाई तक दो पालियों में ऑफलाइन एवं ऑनलाइन मोड में होंगी। प्रवेश परीक्षाओं की शुरुआत एलएलबी एवं एलएलएम से होगी। अभ्यर्थी परीक्षा से एक सप्ताह पहले विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। विश्वविद्यालय के प्रवेश प्रकोष्ठ निदेशक की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार एक जुलाई को पहली पारी में एलएलबी तथा एलएलएम की प्रवेश परीक्षाएं ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों मोड में होंगी।



वहीं दूसरी पारी में एम.कॉम की प्रवेश परीक्षा दोनों मोड में होगी। पीजीटीएटी–1 में शामिल विषयों की प्रवेश परीक्षाएं दो जुलाई को पहली पारी में दोनों मोड में होंगी। तीन जुलाई को इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशन स्टडीज तथा पीजीएटी–2 में शामिल कुछ विषयों की प्रवेश परीक्षाएं दोनों पारियों में सिर्फ ऑनलाइन मोड में होंगी। चार जुलाई को पीजीएटी–2 में शामिल शेष विषयों की परीक्षाएं सिर्फऑनलाइन मोड में दोनों पारियों में होंगी।

अभ्यर्थी परीक्षा से एक सप्ताह पहले विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर निर्धारित कॉलम में अप्लीकेशन आईडी तथा जन्म तिथि भरकर प्रवेश पत्र डाउनलोड सकेंगे। निदेशक प्रोफेसर जयंत कुमार पति ने बताया कि उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर, वाराणसी, बरेली के केंद्रों पर ऑनलाइन और ऑफ्लाइन दोनों मोड में प्रवेश परीक्षाएं होंगी। प्रदेश से बाहर भोपाल, कोलकाता, पटना और तिरुवंतपुरम केंद्रों पर सिर्फ ऑनलाइन मोड परीक्षाएं होंगी। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में विधि की सेमेस्टर परीक्षाएं जुलाई में होंगी। परीक्षा नियंत्रक के अनुसार एलएलबी ऑनर्स एवं बीएलएलबी की परीक्षाएं 10 जुलाई तथा एलएलएम की 16 जुलाई से होंगी।

संकाय से परीक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। द्वितीय परीक्षाएं भी इसी कार्यक्रम के अनुसार होंगी। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में 18 सर्टिफिकेट कोर्स भी शुरू किए गए हैं। ये कोर्स राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत रोजगार तथा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं। इन पाठ्यक्रमों में बाहर के लोग भी प्रवेश ले सकते हैं और उम्र की भी कोई पाबंदी नहीं है। पढ़ाई भी ऑनलाइन होगी।

## त्योहार की तैयारियों में जुटा नगर निगम

**अलीगढ़।** आगामी 17 जून को ईदुल अजहा के पर्व को देखते हुये नगर आयुक्त अमित आसेरी ने मुस्लिम समाज के धर्म गुरु व मोजिज लोगों के साथ नगर निगम इंतजामों को लेकर समीक्षा की। नगर आयुक्त ने ईदुल अजहा पर नगर निगम इंतजामों को चाक चौबंद और परंपरागत व्यवस्थाओं बेहतर तरीके से करने का वादा किया।

वहीं बैठक में परम्परागत सभी इंतिजामो को बेहतरीन तरीके से कराने के लिए अधीनस्थों को जिम्मेदारी भी निर्धारित की। शुक्रवार को अपने कैंप कार्यालय पर नगर आयुक्त अमित आसेरी ने मुस्लिम मुफ्ती जाहिद गुलजार अहमद, गुलाम रसूल काजी अयाज व अन्य के साथ बकरीद पर नगर निगम की व्यवस्थाओं के सम्बंध में विचार विमर्श करते हुए व्यवस्थाओं को कराने के लिए अधीनस्थों के दायित्व निर्धारित किये। मुस्लिम बुद्धजीवियों ने नगर निगम की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाईन में परेड की ली सलामी

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिस कर्मियों को दौड़ लगवाई गई। इस दौरान उन्होने पुलिस लाइन का भी निरीक्षण किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने को टोली बार मॉक ड्रिल कराई गई।



परेड के दौरान क्राइम सीन, मॉक ड्रिल कराकर आवश्यक निर्देश दिए। वही सभी का टर्न आउट चेक किया गया। परेड का संचालन सीओ लाइन प्रवीन तिवारी ने किया। इस दौरान परेड कराई गई परेड की सलामी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने ग्रहण की। इसके पश्चात परेड में उपस्थित समस्त पुलिस कर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड में दौड़ लगाई गई।

साथ ही टोली बार पुलिस कर्मियों का टर्न आउट चेक करते हुए संपूर्ण ड्रिल की कार्रवाई करवाई गई। परेड के पश्चात उन्होंने पुलिसकर्मियों के लाइब्रेरी, बैरक, बाथरुम, शौचालय, भोजनालय, आटाचक्की, बारबर शॉप, कैंटीन का निरीक्षक किया गया एवं साफसफाई हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# कोतवाली में हुआ पीस कमेटी का आयोजन

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**हाथरस।** थाना कोतवाली मे आगामी त्यौहार ईद–उल–अजहा बकरीद के दृष्टिगत शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना क्षेत्र के गणमान्य, संभ्रांत व्यक्तियों व धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया । मीटिंग में उपस्थित सभी गणमान्यध्संभ्रांत व्यक्तियों व धर्मगुरूओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं को विस्तार से सुनकर सभी से फीडबैक लिया गया।



मीटिंग में उपस्थित सभी गणमान्यध्संभ्रांत व्यक्तियों व धर्मगुरूओं से शांतिपूर्ण एवं आपसी भाई–चारे के साथ त्यौहारों को मनाने हेतु अपील की गई । इस दौरान मीटिंग में उपस्थित मुस्लिम सम्प्रदाय के लोगों से धर्मस्थलों के अंदर ही नमाज अदा करने हेतु बताया गया तथा कुर्बानी के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गये।

मीटिंग में उपस्थित लोगों को बताया गया कि क्षेत्र में होने वाली छोटी से छोटी घटनाओं की सूचना समय से पुलिस को दे जिससे कोई बड़ा विवाद उत्पन्न न हो सके । धार्मिक स्थलों पर लगे ध्वनि विस्तारक यंत्रों की आवाज एक निर्धारित मानक के अनुरूप रखें जिससे कि जनसामान्य को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े तथा बताया गया कि सोशल मीडिया पर अवांछनीय और उत्तेजक पोस्टों पर बिना पुष्टि के कतई विश्वास न करें, किसी भी धर्म सम्प्रदाय के सम्बन्ध में कोई अवांछित पोस्ट न करें और इनके बहकावे में आकर कोई ऐसा कृत्य न करे, जिससे जनपद में अमन चौन एवं सांप्रदायिक सौहार्द प्रभावित हो।

पुलिस द्वारा अफवाह फैलाने वाले व्यक्तियों पर लगातार सोशल मीडिया टीम द्वारा निगरानी की जा रही है इसलिए सोशल मीडिया का प्रयोग बहुत सोच समझकर करे तथा इस संबंध में अन्य लोगों को भी जागरूक करने हेतु बताया गया तथा यह भी अवगत कराया कि माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले अराजकतत्वों को भी नहीं बख्शा जाएगा। मीटिंग में उपस्थित सभी गणमान्य, संभ्रांत व्यक्तियों व धर्मगुरुओ से आपसी भाईचारे के साथ रहने, जनपद में शांति, सद्भाव बनाए रखने तथा प्रशासन का सहयोग करने हेतु अपील की गई।

# चित्रकला एवं रंगोली कार्यशाला 16 जून को

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** कला एवम साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की प्रांतीय चित्रकला प्रमुख डा इंदिरा अग्रवाल ने बताया कि दिनांक 16 जून 2024 दिनांक रविवार को स्थानीय एस जे डी पब्लिक स्कूल में ब्रजप्रान्त स्तरीय चित्रकला तथा रंगोली की एक दिवसीय संगीतमयी कार्यशाला, प्रतियोगिता तथा प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।




पत्रकारों को संबोधित करते हुए संस्कार भारती बृज प्रांत के कार्यकारी अध्यक्ष सी ए संजय गोयल एवम संस्कार भारती अलीगढ़ के जिलाध्यक्ष भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक ने बताया कि संस्कार भारती हमेशा से ही चित्रकला के क्षेत्र में कार्य करती आई है, संस्कार भारती चित्रकला के क्षेत्र में कलासाधकों के माध्यम से कला की सेवा कर रही है। कलासाधकों की प्रतिभा को स्थापित करने एवम उनमें कला भावना को और अधिक जाग्रत करने के लिए संस्कार भारती बृजप्रांत के सानिध्य में होने वाली चित्रकला कार्यशाला और प्रदर्शनी का सौभाग्य अलीगढ़ को प्राप्त हुआ है यह गौरव की बात है। संस्कार भारती के महानगर अध्यक्ष एवं प्रांतीय मंत्री एड अनिल राज गुप्ता ने बताया कि सभी कलाकारों को इस कार्यशाला के लिये सफेद कार्टेज शीट दी जायेगी।

पत्रकार वार्ता मं मुख्य रूप से संस्कार भारती बृज प्रांत के कार्यकारी अध्यक्ष सी ए संजय गोयल, प्रांतीय चित्रकला प्रमुख डा इंदिरा अग्रवाल, प्रांतीय मंत्री एड अनिल राज गुप्ता, जिलाध्यक्ष भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक, महानगर महामंत्री रुचि, कलासाधिका डा.सुनीता आदि उपस्थित रहीं।

## पूर्व सपा सांसद हसन लड़ सकते हैं कुंदरकी विधानसभा से उप-चुनाव

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**मुरादाबाद।** जिले के पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का आदेश होगा तो उप चुनाव लड़ने में कोई हर्ज नहीं है। वह आदेश का पालन करते हुए उप–चुनाव लड़ेंगे, मना नहीं करेंगे।



पूर्व सपा सांसद ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उनसे रामपुर लोकसभा लड़ने के लिए कहा था। उस समय पूर्व मंत्री आजम खां के लिहाज के चलते रामपुर से लड़ने से मना कर दिया था, जब कि आजम खां ने ही उनके टिकट को कटवाया था। वह लोकसभा चुनाव समाप्त होने पर दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को बधाई देने के लिए गए थे लेकिन उपचुनाव के मुद्दे पर अभी चर्चा नहीं हुई है। मुरादाबाद जिले में कुंदरकी विधानसभा खाली होने वाली है। क्योंकि यहां के विधायक जियाउर्रहमान संभल लोकसभा सीट से सांसद निर्वाचित हो गए हैं।

उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी सरकार में एक भी मंत्री मुस्लिम समाज से नहीं है। मुरादाबाद लोकसभा सीट पर हुए चुनाव के दौरान सपा ने पूर्व सांसद एसटी हसन का टिकट काटकर उसे रुचि वीरा को दे दिया था। इस सीट पर रुचि वीरा ने भाजपा के सर्वेश सिंह को हराया था।

# किसानों ने बिजली विभाग पर लगाए गंभीर आरोप

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अमरोहा।** 14 जून को इगलास के कॉन चिरौली बिजली घर पर किसानों ने 15 दिन से बिजली की आपूर्ति न होने पर कर्मचारियों को बंधक बना लिया। धरना–प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों को बंधक बनाए जाने की सूचना पर एसडीओ व पुलिस मौके पर पहुंची। किसानों को बिजली आपूर्ति में सुधार करने का आश्वासन देकर उन्होंने कर्मचारियों को छुड़ाया।



इगलास के खेड़िया पाताल, मनोहरपुर, भटोई, खेरिया पाताल आदि गावों के किसान सुबह कॉन चिरौली बिजली घर पर पहुंच गए। किसानों का आरोप है कि पिछले एक पखबाड़े से बिजली आपूर्ति न मिल पाने से पीने के पानी के साथ आटा पिसाई आदि की समस्या पैदा हो गई है। इसे लेकर किसानो में आक्रोश था। किसानों ने वहां पर मौजूद एसएसओ सुरेन्द्र सिंह, लाइनमैन ओंकार सिंह व अजय कुमार को बिजलीघर के कमरे में बंधक बना लिया।

किसानों का कहना है कि अवर अभियंता मुख्यालय पर न रहकर खैर में रहते हैं। जब भी किसान आते हैं, वे मिलते ही नहीं हैं। इसके बाद किसानों ने बिजली विभाग के कर्मचारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों ने इस प्रकरण में अवर अभियंता ब्रह्मप्रकाश व उच्च अधिकारियों को सूचना दी। बंधक बनाए जाने की सूचना पर हल्का प्रभारी एसआई हेमेन्द्र कुमार हमराही पुलिस कर्मियों के साथ वहां पहुंच गए। एसडीओ व हल्का प्रभारी के समझाने के बाद किसानों ने कर्मचारियों को दोपहर 12 बजे के करीब मुक्त कर दिया। एसडीओ का कहना है कि बिजली सप्लाई की व्यवस्था में सुधार कराया जा रहा है।

# जर्जर हुए सामुदायिक शौचालयों के उत्तरदायियों पर होगी कार्रवाही

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी मनोज कुमार की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया। शासन से ओडीएफ प्लस हेतु चयनित जनपद की 331 ग्राम पंचायतों के 574 ग्रामों की कार्य योजना का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त ग्रामों की कार्ययोजना में ग्रामो को आवश्यकतानुसार कार्यों को समाहित किया जाए, जिससे ग्राम को ओडीएफ प्लस बनाया जा सके।



उन्होंने सामुदायिक शौचालय पर कार्यरत केयरटेकर के मानदेय की समीक्षा करते हुए सचिव जिला स्वच्छता समिति को निर्देशित किया गया कि उन ग्राम पंचायतों को पृथक कर सूचना उपलब्ध कराई जाए, जिन ग्राम पंचायतों में धनराशि उपलब्ध होने के उपरान्त भी केयर टेकर के मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय कम समय में जर्ज़र हो गए है, वहां उत्तरदायित्व तय करते हुए उत्तरदायी के विरुद्ध कार्यवाही की जाए।

जिलाधिकारी द्वारा समस्त प्रधानों से अनुरोध किया गया कि विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में प्रत्येक ग्राम पंचायत से कम से कम एक व्यक्ति रक्तदान करें एवं 21 जून को योग दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायतों के सार्वजनिक स्थानों यथा अमृत सरोवर, पंचायत भवन, विद्यालय पर योग का कार्यक्रम आयोजित किया जाय एवं इस अवसर पर वृक्षारोपण किया जाए। समिति द्वारा समस्त ग्राम प्रधानों एवं सचिवों को निर्देशित किया गया कि 15 से योग सप्ताह मनाया जाए एवं इसी दौरान विशेष स्वच्छता अभियान भी संचालित किया जाए।

## सरकार ने बनाई नीति, निजी जमीन पर बनेंगे औद्योगिक क्षेत्र

**बदायूं।** जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि निवेशकों को भूमि मुहैया कराने के लिए अब निजी जमीन पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित किये जा सकेंगे। पहली बार सरकार की ओर से निजी औद्योगिक क्षेत्रों के लिए नीति बनाई गई है। इसमें प्रोत्साहन देने के साथ ही जिम्मेदारी भी तय की गई है।

# ०7 जुलाई तक एनजीटी को उपलब्ध करायें जिला गंगा प्लान

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक में जिलाधिकारी मनोज कुमार ने प्रदेश में हो रहे 35 करोड़ वृक्षारोपण पेड़ लागाओ, पेड़ बचाओं जन अभियान 2०24 के अन्तर्गत समस्त कार्यदायी विभागों को निर्देश दिये कि वह अपने-अपने विभाग की वृक्षारोपण की कार्ययोजना तत्काल प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, बदायूॅ को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।



उन्होंने ०1 से ०7 जुलाई 2०24 तक आयोजित होने वाले वन महोत्सव कार्यक्रमों में जनपद के समस्त ऐसे विभाग जहाॅं निर्माण कार्य चल रहा है, वहाॅं वृक्षारोपण की कार्ययोजना तैयार कर वृक्षारोपण कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाये। उन्होंने कहा कि वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन दातागंज स्थित वन खण्ड जो कि 56 हे० है, में से 1० हे० भूमि का चयन कर वृक्षारापेण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, बदायूॅ द्वारा अवगत कराया गया कि इस वर्ष समस्त विभागों द्वारा जनपद में 39 लाख पौधों का रोपण किया जायेगा, जिसके सापेक्ष वन विभाग की पौधशालाओं में 75 लाख पौधे उपलब्ध है। जिलाधिकारी द्वारा जिला गंगा समिति की समीक्षा के दौरान जिला परियोजना अधिकारी, नमामि गंगें को निर्देश दिये कि समस्त गंगा ग्राम में गंगा समितियों का गठन करायें एवं जहाॅं पूर्व में गंगा समितियों गठित है, उनका सक्रियकरण करें एवं उनके सदस्यों को वृक्षारोपण अभियान में सहभागी बनायें। प्रभागीय निदेषक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, बदायूॅ को निर्देश दिये कि एनजीटी द्वारा दिये गये निर्देषों के क्रम में समस्त संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर जिला गंगा प्लान (डीजीपी) नगर पंचायत व ग्रामवार तैयार कर दिनांक ०7 जुलाई 2०24 तक एनजीटी को उपलब्ध करायें।

## सार-संक्षेप

### बच्चों व महिलाओं को वितरित खाद्यान्न को चेक करें अधिकारी

**बदायूं।** जिलाधिकारी मनोज कुमार ने राज्य पोषण मिशन की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र अपने निर्धारित समय पर आवश्यक रूप से खोले जाएं, ऐसा न करने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पोषण ट्रैकर एप पर सभी प्रविष्टियां समय से व पूर्ण रूप से अंकित की जाएं। शुक्रवार को विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शून्य से 6 वर्ष तक के बच्चों व महिलाओं को वितरित खाद्यान्न को अधिकारी स्वयं भी चेक करें।

### कब्जा मुक्त कराई गई चारागाह भूमि पर गोवंश हेतु बोया जाए हरा चारा

**बदायूं।** जिलाधिकारी मनोज कुमार की अध्यक्षता में गोवंश संरक्षण से संबंधित जिला स्तरीय अनुश्रवण मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त संचालित गो आश्रय स्थलों पर केयर टेकर की व्यवस्था एवं रात्रि चौकीदार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अधिकारियों द्वारा समय-समय पर रात्रि निरीक्षण किए जाएं।

शुक्रवार को विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विकासखंड पर संचालित गौशालाओं का संबंधित उप जिलाधिकारी एवं संबंधित खंड विकास अधिकारी एवं पशु चिकित्सा अधिकारी समय-समय पर निरीक्षण करते रहें एवं निरीक्षण में पाई गई कमियों को दूर कराये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद में समस्त चारागाह की जमीन जिन्हें कब्जा मुक्त कराया गया है उन पर संबंधित खंड विकास अधिकारी एवं पशु चिकित्सा अधिकारी गोवंश हेतु हरा चारा बोया जाए। समस्त आश्रय स्थल पर भूसा चारा पानी की पूर्ण व्यवस्था रहे। इस अवसर सम्बंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### तहसील बिल्सी में होगा संपूर्ण समाधान दिवस

**बदायूं।** जिलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार दिनांक 15 जून 2०24 को तहसील बिल्सी में जिलाधिकारी मनोज कुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन प्रात: 1० बजे से किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे व आमजन शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित कराया जाएगा।

### जिले के 35 राजकीय इंटर कॉलेजों में सुविधाओं का होगा विस्तार

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** प्रोजेक्ट अलंकार के तहत जिले के 35 राजकीय इंटर कॉलेजों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा। अध्ययन कक्षों की कमी दूर होगी। वहीं, पेयजल और शौचालय की जरूरत भी पूरी की जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवेश कुमार ने बृहस्पतिवार की दोपहर राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में जिले के राजकीय इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्यों और इंचार्ज प्रधानाचार्यों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने विद्यालय वार पूछा कि कहां प्रोजेक्ट अलंकार में कितना काम हुआ। मानक पूरे करने के लिए कितना काम और जरूरी है। उन्होंने प्रधानाचार्यों से कहा कि दो दिन में मानकों को पूरा कर रिपोर्ट दें ताकि काम पूरे हो सकें।

### बीमारी के चलते 14 वर्षीय बच्ची की मौत

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** थाना कैला देवी क्षेत्र के अंतर्गत मृतक चंद्रावती पुत्री साहब सिंह उम्र लगभग 14 वर्ष ग्राम रोरादीप थाना कैला देवी के शुक्रवार की रात्रि लगभग 1 बजे अचानक पेट में दर्द उठा तो उसका इलाज कराने नजदीकी गांव मुबारकपुर में एक झोलाछाप डॉक्टर के यहां ले गए जहां उसका उपचार कराया लेकिन झोलाछाप डॉक्टर ने इलाज करने के बाद कह दिया कि आप यह बच्ची सही हो चुकी है घर ले जाओ जैसे ही परिजन मृतक चंद्रवती को घर ले गए तो कुछ देर बाद तबीयत खराब हो गई और फिर झोलाछाप डॉक्टर से तबीयत खराब होने की बात कही तो झोलाछाप डॉक्टर ने कहीं और दिखाने को कह दिया उसके बाद परिजन जिला अस्पताल मृतक चंद्रावती को लेकर पहुंचे तो जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने मृतक घोषित कर दिया मृतक होने की सूचना मिलते ही साथ में आए परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# स्कूल चलो अभियान को सफल बनाएं, कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी मनोज कुमार ने ऑपरेशन कायाकल्प, स्कूल चलो अभियान व यूनिफॉर्म वितरण आदि की समीक्षा करते हुए कहा कि स्कूल चलो अभियान को सफल बनाया जाए। कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित किया जाए तथा शत प्रतिशत नामांकन कराया जाए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत माध्यमिक व बेसिक शिक्षा के विद्यालयों में सभी पैरामीटर्स पर कार्यों को प्राथमिकता पर पूर्ण कराया जाए।



शुक्रवार को विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने मध्यान्ह भोजन को मैन्यु के अनुसार बनाकर बच्चों को परोसने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल में बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को यूनिफॉर्म के लिए अंतरित की जाने वाली धनराशि के लिए उनके अभिभावकों के बैंक खातों का आधार प्रमाणीकरण समय पूर्ण कराया जाए। जिलाधिकारी ने विद्यालयों में नामांकन, फर्नीचर आदि व्यवस्थाएं, मॉडल स्कूलों की प्रगति व राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान सहित विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर सम्बंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# समाज विकास समिति एवं रोटरी क्लब अमन के संयुक्त तत्वाधान में हुआ रक्तदान शिविर आयोजित

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**चंदौसी।** विश्व रक्तदाता दिवस पर सीता आश्रम स्थित पार्थ हॉस्पिटल की ब्लड बैंक में शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 4० यूनिट ब्लड डोनेट किये गए। समाज विकास समिति के अध्यक्ष डॉ वीरेश कुमार सिंह ने कहा खून की एक बूंद किसी की जिंदगी बचा सकती है। खून के बिना शरीर मांस और हड्डियों से बना सिर्फ एक कंकाल रह जाता है। देश और दुनिया में हजारों लोग खून की कमी के कारण अपनी जान गवां देते हैं। जरूरतमंद को समय पर अगर खून मिल जाए तो किसी की जान को बचाया जा सकता है।समाजसेवी डॉ टीएस पाल ने कहा हर दिन हजारों लोग सड़क दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं और उनका सारा खून बह जाता है,ऐसे मरीजों को अगर समय पर इलाज नहीं मिले और बॉडी में खून की कमी पूरी नहीं हो तो उनकी जान भी जा सकती है। लोगों में रक्तदान करने के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। ब्लड डोनेशन एक दर्द रहित क्रिया है, जो किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचा सकती है। उपाध्यक्ष राजकुमार वार्ष्णेय ने कहा विश्व भर में इस दिन को मनाने का मकसद सभी को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित करना है ताकि अधिक लोगों की जान बचाई जा सके। इस दौरान पार्थ हॉस्पिटल प्रबन्धक सतीश सिंह आदि मौजूद रहे।



# त्यौहारों को शांति व सकुशलता से सम्पन कराने के लिए अधिकारियो व नागरिकों के साथ की बैठक

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने गंगा दशहरा, बकरीद के त्यौहारों को शांति व सकुषलता से सम्पन्न कराने के लिए सभी पुलिस व प्रषासनिक अधिकारियों व सम्भ्रांत नागरिकों के साथ बैठक करने के बाद आज शुक्रवार को उन्होने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के साथ यमुना के घाटों का निरीक्षण किया। वहां उन्होने टीले वाले हनुमान मन्दिर घाट के निरीक्षण के दौरान फिरोजाबाद एसडीएम, तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी एवं एसपीआरए व पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर को निर्देश दिए कि वह घाटों पर स्नान करने आने वाले श्रृद्धालुओं का विषेष ध्यान रखें स्नान के दौरान कोई भी दुर्घटना न होने पाए, इसके लिए उन्होने वीडीओ व तहसीलदार को निर्देष दिए कि वह यमुना के प्रमुख चारों घाट टीले वाले हनुमान मन्दिर घाट, पसीने वाले हनुमान मन्दिर घाट, मडुआ माता मन्दिर घाट व शंकरपुर घाटों पर सुरक्षित गहराई तक फ्लैग व संकेतांक लगाए जाए ताकि किसी भी श्रृद्धालू को गहरे पानी में जाने से रोका जा सके। उन्होने एसडीएम सदर व तहसीलदार को निर्देष दिए कि वह गंगा दषहरा वाले दिन राहत और बचाव के पूरे इंतजाम सुनिष्चित करें। उन्होने कहा कि वह लेखपाल व तहसील की टीमों को लगाकर रखें और उस दिन साउण्ड सिस्टम भी लगाए जाए जिससे लगातार उद्घोश होता रहे।



अथवा कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है इसके लिए उन्होने एसपी ग्रामीण को निर्देष दिए कि वह यमुना पर बने पुल के उपर पुलिस फोर्स तैनात करें, ताकि वहां से कोई भी स्नान नही कर पाए और दुर्घटना से बचा जा सके। उन्होने वीडीओ को निर्देष दिए कि वह यमुना के सभी घाटों पर साफ-सफाई कराना सुनिष्चित करें। निरीक्षण के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कृति राज, एसपीआरए, एसपी ग्रामीण रणविजय सिंह, तहसीलदार पुश्कर मिश्रा, पुलिस क्षेत्राधिकारी, डीडीओ सहित सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मृतकों को मुआवजा व आतंकवादियों को फांसी देने की मांग

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**उसावां।** हिन्दू श्रद्धालुओं पर कश्मीर में हुए आतंकी हमले के विरोध में अंतरराष्ट्रीय विश्व हिन्दू परिषद/राष्ट्रीय बजरंग दल ने राष्ट्रपति को सम्बोधित थानाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मृतकों को मुआवजा व आतंकवादियों को फांसी देने की मांग की गई।



पिछले दिनों कश्मीर में हिन्दू श्रद्धालुओं की बस पर आतंकवादियों द्वारा हमले में दस श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई वहीं 32 श्रद्धालु गम्भीर रुपये घायल हो गये, जिसको लेकर अंतरराष्ट्रीय विश्व हिन्दू परिषद/राष्ट्रीय बजरंग दल ने महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन थानाध्यक्ष मान बहादुर सिंह उसावां को सौपा। ज्ञापन देने से पहले जुलूस निकालकर आतंकवाद का पुतला फूंका, ज्ञापन में मृतक श्रद्धालुओं को 5० लाख व घायलों को 1० लाख रुपये का मुआवजा दिया जाये, आतंकवादियों को फांसी की सजा दी जाये जिससे दुवारा आंतकवादी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, ज्ञापन देने वालों में पंकज गुप्ता, अतुल बजरंगी, जैनेन्द्र यादव, सुनील यादव, पकंज मिश्रा, शिवम वर्मा, राम मिश्रा, विमलेश यादव सहित काफी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुडिया सतासी मे 19 जून से श्री विष्णु महायज्ञ, 24 जून को पूर्णाहुति के साथ विशाल भंडारा

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बगरैन।** तहसील बिसौली क्षेत्र के ग्राम मुडिया सतासी मे श्री सीता राम राधेश्याम आश्रम पर 19 जून से विष्णु महायज्ञ तथा रासलीला का आयोजन होने जा रहा है 19 जून को गौरी शंकर गणेश पूजन के वाद जल यात्रा निकाली जायेगी 2० जून को अग्नयाधान यज्ञ पूजन तथा कीर्तिन होगा, 21 जून से 23 जून तक यज्ञ आचार्य दिनेश शर्मा व मुकेश मुनीश द्वारा यज्ञ का कार्य कराया जायेगा तथा शाम को यज्ञ के पश्चात रासलीला का मंचन किया जायेगा, 24 जून दिन सोमवार को यज्ञ पूर्णाहुति के साथ व्रहाभोज तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा जिसमे क्षेत्र के हजारो लोग भंडारे का प्रसाद ग्रहण करेगे, श्री विष्णु महायज्ञ रासलीला तथा भंडारे की व्यवस्था तथा देख रेख श्री श्री 1००8 बाबा कन्हैया दास महाराज की उपस्थित मे सारे धार्मिक कार्य सम्पन्न होगे तथा श्री श्री 1०8 कृष्ण गोपाल शास्त्री एवम श्री श्री 1०8 बाबा घनश्याम दास महाराज सहयोग के रूप मे समस्त कार्य देखेगे।

# जिला अस्पताल की बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए दस लाख के एस्टीमेट को मिली मंजूरी

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला अस्पताल का सब स्टेशन केबल फुंकने की वजह से दो माह से बंद पड़ा है। शहर की लाइन से जिला अस्पताल संचालित हो रहा है। यही वजह है कि घंटों तक जिला अस्पताल में बिजली गुल हो जाती है। इसके लिए मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने दस लाख रुपये का एस्टीमेट तैयार कर स्वास्थ्य विभाग को भेजा था। इसकी मंजूरी मिल गई है। जल्द ही बिजली घर पर काम शुरू हो सकेगा।



जिला अस्पताल को भरपूर बिजली मिले इसके लिए 12 साल पहले यहां पर सब स्टेशन का निर्माण कराया गया। उपकेंद्र को सीधे ट्रांसमिशन से जोड़ने के लिए स्वतंत्र फीडर बनाया गया। करीब दो किलोमीटर अंडरग्राउंड लाइन बनाई गई। जिला अस्पताल बिजली घर को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलने लगी। एक माह पहले ओवरलोडिंग के चलते आग लगने से जिला अस्पताल में केबल जल गया। इसके बाद शहर के फीडर से जिला अस्पताल को जोड़ दिया। इसके बाद बिजली की आंख मिचौली होना शुरू हो गई। इस मामले में दस लाख रुपये के एस्टीमेट को पास कर दिया गया। अब जल्द काम शुरू होने की उम्मीद है। इसके लिए बृहस्पतिवार को सहायक अभियंता विद्युत बरेली संदीप सक्सेना जिला अस्पताल पहुंचे और उन्होंने सीएमएस डॉ. कप्तान सिंह के साथ सब स्टेशन का निरीक्षण किया। सहायक अभियंता संदीप सक्सेना ने बताया कि सभी कागजी काम पूरे कर लिए गए हैं। जल्द ही केबल बदलवाने का काम शुरू कराया जाएगा।

## संपादकीय

# बंद हों फर्जी समीक्षाएं....



इस डिजिटल जमाने में फर्जी खबरों और गलत सूचनाओं के व्यापक मसले ने दुनिया भर के नीति-नियंताओं का ध्यान आकर्षित किया है। डिजिटल स्वरूप में सूचनाओं की बाढ़ ने खबरों और सूचनाओं के उपभोग करने के लोगों के तरीके को मौलिक रूप से बदल दिया है और इससे लोगों के लिए यह पता करना मुश्किल हो गया है कि क्या फर्जी है और क्या प्रामाणिक। ऐसे समय में जब दुनिया फर्जी खबरों से निपटने के लिए जूझ रही है, डिजिटलीकरण का एक और पहलू नियामकों और अन्य हितधारकों को परेशान कर रहा है, वह है ई-कॉमर्स वेबसाइटों पर फर्जी ऑनलाइन समीक्षाओं की समस्या। इस संबंध में, उपभोक्ता मामलों का विभाग उपभोक्ता समीक्षाओं के लिए गुणवत्ता मानकों और नियम-कायदों को लागू करने की तैयारी कर रहा है, और ऐसे गुणवत्ता मानदंडों के अनुपालन को अनिवार्य बनाने का स्वागत किया जाना चाहिए।

डीसीए की सभी हितधारकों या साझेदारों के साथ हुई बैठक में शामिल ई-कॉमर्स कंपनियों ने भी सरकार की इस पहल का समर्थन किया है। प्रस्तावित गुणवत्ता नियंत्रण आदेश से संभवत: पूर्वग्रहों और पक्षपात के साथ उपभोक्ता समीक्षाओं को ऑनलाइन प्रकाशित करने, उनके संदेश को बदलने के लिए समीक्षाओं को संपादित करने या नकरात्मक समीक्षाओं को रोकने या हतोत्साहित करने से ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों को रोका जा सकेगा। एक बार इस तरह के नियम-कायदे लागू हो गए तो समीक्षा लिखने वालों की पहचान और सत्यापन की भी आवश्यकता हो सकती है। इसके अलावा, ऑनलाइन उपभोक्ता समीक्षाओं के लिए आईएस 19000रूपये 2022 मानक लागू करने की भी चर्चा है। उपभोक्ताओं के ऑनलाइन व्यवहार को तय करने में समीक्षाओं की अहम भूमिका होती है। दूसरे लोगों की सिफारिशों को पढ़ना किसी दुकान में जाकर उत्पादों के परीक्षण और आजमाने के डिजिटल समकक्ष जैसा ही लगता है। इस संदर्भ में, ऑनलाइन समीक्षाएं उन उत्पादों की गुणवत्ता को जानने के एक विकल्प की तरह काम करती हैं, जिन्हें हम भौतिक रूप से जाकर नहीं जांच पाते। खरीदारों और विक्रेताओं के बीच सूचना की असमानता को दूर कर और ऐसी जानकारियां प्रदान कर जिनका शायद अन्यथा खुलासा नहीं हो सकता, ऑनलाइन समीक्षाएं एक मूल्यवान आर्थिक कार्य करती हैं। एक वैश्विक अध्ययन से पता चलता है कि ऑनलाइन समीक्षाएं पेश करने वाली वेबसाइटों के लिए कन्वर्जन रेट यानी विजिट करने वाले उपभोक्ता के ग्राहक बनने की दर स्पष्ट रूप से बढ़ सकती है। ग्राहक अधिग्रहण सुरक्षा वेंडर सीएचईक्यू की एक रिपोर्ट से पता चलता है कि ऑनलाइन समीक्षाओं ने साल 2021 में करीब 3.8 लाख करोड़ डॉलर के वैश्विक ई-कॉमर्स खर्च को प्रभावित किया है। इसके अलावा, इंटरनेट और सोशल मीडिया पर विचारों के खूब आदान-प्रदान को देखते हुए कारोबारी और ऑनलाइन खुदरा विक्रेता अपने उत्पादों के बारे में उपभोक्ताओं की राय की निगरानी करने में सक्षम हैं। दूसरी तरफ, फर्जी और प्रायोजित समीक्षाएं उपभोक्ताओं को गलत खरीदारी का निर्णय लेने के लिए प्रेरित करती हैं, जिससे बाजार के परिणाम विकृत हो जाते हैं। इससे ऐसे डिजिटल प्लेटफॉर्मों की विश्वसनीयता और भरोसे पर भी असर पड़ता है। अक्सर फर्जी समीक्षाएं लिखने के लिए संदिग्ध यूजर्स और बॉट्स की सेवाएं ली जाती हैं ताकि किसी एक कंपनी या विक्रेता को फायदा हो। इंटरनेट पर सर्च रैंक एल्गोरिदम अक्सर ऑनलाइन समीक्षाओं पर निर्भर होते हैं, जिसकी वजह से किसी उत्पाद की दृश्यता और बिक्री पर असर पड़ता है।

यह विक्रेताओं के लिए अपने उत्पादों की रैंकिंग में हेरफेर के लिए एक मजबूत प्रोत्साहन है। हालांकि मध्यम अवधि में इस तरह की समीक्षाएं अक्सर बिक्री और राजस्व के आंकड़े को नुकसान पहुंचाती हैं क्योंकि आमतौर पर इनसे घटिया गुणवत्ता के उत्पादों को बढ़ावा मिलता है।

उदाहरण के लिए ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर फर्जी ऑनलाइन समीक्षाओं के बारे में राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों में साल 2018 से 2023 के बीच 366 फीसदी की आश्चर्यजनक बढ़त हुई है। फर्जी समीक्षाओं की पहचान करने व उन्हें हटाने और उपभोक्ताओं का भरोसा बनाए रखने की इस निरंतर लड़ाई में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस की मदद लेना अनिवार्य हो गया है। सामग्री विश्लेषण के तरीके का इस्तेमाल कर एआई फर्जी समीक्षाओं की पहचान करने में मदद कर सकती है। भुगतान वाली समीक्षाओं को प्रकाशित करने और प्रचार सामग्री के बारे में पूरी तरह से खुलासे की जरूरत के बारे में भी नियम-कायदे बनाने चाहिए।

# मोदी सरकार का तीसरा कार्यकाल: बेहतरी के प्रयास

नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल में प्रमुख मंत्रालयों का आवंटन पुरानी नीतियां जारी रहने का संकेत देता है। इससे वित्तीय बाजारों में भरोसा पैदा होना चाहिए जो चुनाव नतीजों के बाद लड़खड़ाते नजर आए थे।

बहरहाल, एक ओर जहां व्यापक निरंतरता से अल्पावधि में विश्वास बढ़ाने में मदद मिलेगी, वहीं बदलते हालात के साथ नीतियों में परिवर्तन भी आवश्यक है।

इस संदर्भ में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से उम्मीद की जाएगी कि वह हालिया वर्षों की बुनियाद पर आगे बढ़ेंगी। उनका पिछला कार्यकाल हाल के समय में किसी भी वित्त मंत्री के लिहाज से सर्वाधिक कठिन कार्यकाल था।

मोटे तौर पर ऐसा महामारी के कारण लगे झटकों की वजह से था। हालांकि भारत महामारी के कारण लगे झटके से मजबूती से उबरने में कामयाब रहा लेकिन चल रहे प्रयासों की मदद से ही टिकाऊ वृद्धि हासिल की जा सकेगी और देश की राजकोषीय स्थिति को बेहतर बनाया जा सकेगा। वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 8.2 फीसदी की दर से बढ़ोतरी हुई और माना जा रहा है कि चालू वर्ष में यह दर 7 फीसदी रहेगी।

राजकोषीय मोर्चे पर सरकार 2025-26 तक सकल घरेलू उत्पाद के 4.5 फीसदी के बराबर राजकोषीय घाटा लक्ष्य हासिल करने की दिशा में बढ़ती नजर आ रही है। अपेक्षा से अधिक राजस्व संग्रह और आर्थिक वृद्धि ने राजकोषीय घाटे को गत वित्त वर्ष के दौरान ही कम करके 5.6 फीसदी के स्तर पर ला दिया था। अंतरिम बजट में इसके लिए 5.8 फीसदी का संशोधित लक्ष्य रखा गया था।

चालू वर्ष में भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से अपेक्षा से अधिक अधिशेष स्थानांतरण भी सरकारी वित्त की मदद करेगा। अब जबकि सीतारमण और उनकी टीम पूर्ण बजट तैयार करना शुरू करेंगे, जिसे जुलाई में पेश किए जाने की उम्मीद है तो बेहतर होगा कि वे रिजर्व बैंक के



अतिरिक्त अधिशेष का इस्तेमाल राजकोषीय घाटा कम करने में करें और उसे मध्यम अवधि के लक्ष्य के करीब ले जाएं। नए राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए अतिरिक्त व्यय का दबाव बन सकता है।

इन सब बातों के बीच सरकार अतीत के वर्षों में कड़ी मेहनत से हासिल राजकोषीय लाभ को हाथ से नहीं जाने दे। बल्कि सुझाव यह होगा कि राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 3 फीसदी के स्तर तक लाने के लिए संशोधित राजकोषीय पथ प्रस्तुत किया जाए।

ऋण और जीडीपी के अनुपात को अधिक प्रबंधनयोग्य स्तर पर लाने के लिहाज से भी यह बहुत महत्त्वपूर्ण होगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पूर्वानुमानों के अनुसार भारत का आम सरकारी ऋण 2029 तक महामारी के पहले के स्तर से ऊपर बना रह सकता है। राजस्व समायोजन के संबंध में केंद्र सरकार को जीएसटी परिषद में तत्काल वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी की दरों और स्लैब को युक्तिसंगत बनाने का प्रयास करना चाहिए। इससे न केवल राजस्व संग्रह बढ़ाने में मदद मिलेगी बल्कि कारोबारी सुगमता में भी सुधार होगा।

राजकोषीय घाटे को कम करने में एक संभावित चुनौती वृद्धि पर इसका प्रभाव होगा। महामारी के बाद की अवधि में आर्थिक वृद्धि मोटे तौर पर सरकारी पूंजीगत व्यय पर निर्भर रही है। टिकाऊ राजकोषीय समेकन के साथ निजी क्षेत्र को निवेश में कमी को पूरा करना होगा।

बहरहाल, निजी क्षेत्र अपनी क्षमता का विस्तार करने में हिचकिचा रहा है। संभव है इसकी वजह कमजोर घरेलू मांग हो। ग्रामीण भारत में जहां मॉनसून के सामान्य होने के साथ मांग में सुधार देखने को मिल सकता है, वहीं भारत को वैश्विक मांग की भी पूर्ति करनी है। सरकार ने हाल के वर्षों में टैरिफ में इजाफा किया है जो बाहरी प्रतिस्पर्धा पर असर डालता है।

वित्त मंत्रालय को उच्च टैरिफ के प्रभाव की समीक्षा करनी चाहिए कि क्या इससे टिकाऊ उच्च वृद्धि हासिल हुई। इस बीच निवेश जुटाने और वृद्धि को गति प्रदान करने के लिए एक समग्र शासकीय रुख की आवश्यकता होगी। नई सरकार के पहले पूर्ण बजट पर नजर होगी कि सरकार देश की अर्थव्यवस्था को किस प्रकार आगे ले जाना चाहती है।

# 155.6 करोड़ रुपये के निवेश से 12 नए स्टोर और वेयरहाउस स्थापित करेगा

नवजात शिशुओं, माताओं और बच्चों के लिए भारत के सबसे बड़े मल्टी-चैनल रिटेलिंग प्लेटफॉर्म फर्सटक्राई ने वैश्विक बाजारों में अपना परिचालन दायरा बढ़ाने की योजना बनाई है। सूत्रों के अनुसार, आईपीओ लाने की तैयारी कर रही कंपनी ने सऊदी अरब में नए आधुनिक स्टोर और वेयरहाउस स्थापित करने की योजना बनाई है।

अपनी स्थिति को और मजबूत बनाने तथा भारत की तर्ज पर आगे बढ़ने के लिए कंपनी ने विदेश में विस्तार योजनाओं के लिए 155.6 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव रखा है। इसमें से 72.6 करोड़ रुपये सऊदी अरब में 12 नए आधुनिक स्टोरों की स्थापना पर इस्तेमाल किए जाएंगे। करीब 83 करोड़ रुपये रियाद, जेद्दा और दमन में नए वेयरहाउस स्थापित करने पर खर्च




किए जाएंगे। फर्स्टक्राई ने वर्ष 2019 में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और 2022 में सऊदी अरब में अपनी अंतरराष्ट्रीय मौजूदगी का विस्तार किया तथा इन बाजारों में अपनी पहुंच मजबूत बनाई। कंपनी ने दिसंबर 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए सकल व्यापारिक मूल्य के संदर्भ में यूएई में शिशुओं और माताओं के लिए सबसे बड़ा रिटेल प्लेटफॉर्म बनकर अपनी अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति मजबूत बनाई। इसके बाद कंपनी ने अपना ध्यान सऊदी अरब पर केंद्रित किया और तेजी से आगे बढ़ते हुए इस क्षेत्र में सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म बन गई। कंपनी विभिन्न विकल्पों के जरिये ग्राहक जरूरतें पूरी करना चाहती है। इनमें ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, आधुनिक स्टोर और भारत में जनरल ट्रेड रिटेल वितरण और मुख्य तौर पर यूएई तथा सऊदी अरब में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म शामिल हैं। भारत, यूएई और सऊदी अरब में फर्सटक्राई का प्लेटफॉर्म 7,500 से अधिक ब्रांडों से स्टॉक-कीपिंग यूनिट्स की एक व्यापक श्रृंखला की पेशकश कर रहा था। इनमें थर्ड-पार्टी भारतीय ब्रांड, वैश्विक ब्रांड और घरेलू ब्रांड शामिल हैं। 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त नौ महीनों के दौरान, प्लेटफॉर्म ने 842 नए ब्रांड जोड़े, जिससे ब्रांडों की कुल संख्या बढ़कर 7,516 हो गई। यूएई और सऊदी बाजारों में, फर्स्टक्राई एक मजबूत उत्पाद रेंज मुहैया कराती है। इनमें अपैरल, फुटवियर, बेबी गियर, नर्सरी उत्पाद, डायपर, टॉय और पर्सनल केयर उत्पाद शामिल हैं। इन्वेंट्री में 3,600 ब्रांडों के 262,000 से ज्यादा एसकेयू शामिल हैं। कंपनी इन क्षेत्रों में अपनी स्वयं की भंडारण एवं लॉजिस्टिक इकाइयां भी संचालित करती है, जिससे कि आसान डिलिवरी सुनिश्चित की जा सके। फर्स्टक्राई अरेबिया के मोबाइल ऐप्लीकेशन में शानदार वृद्धि देखी गई है। 31 दिसंबर 2023 तक इसके डाउनलोड 36 लाख के पार पहुंच गए। यह पिछले वर्षों के मुकाबले शानदार वृद्धि है।

## संभल भास्कर

### भीषण गर्मी में राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाकर बुझाई प्यास

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** जनपद संभल में जब से होमगार्डों को ट्रैफिक पुलिस की जिम्मेदारी सौंपी है तब से होमगार्ड्स अपनी ईमानदारी के साथ-साथ तथा मेहनत से अपनी ड्यूटी को अंजाम दे रहे हैं ऐसी चिलचिलाती धूप में तथा भीषण गर्मी के चलते संभल के होमगार्ड श्योराज सिंह ने चौधरी सराय पुलिस चौकी के चौराहे पर ठंडा शरबत वितरण किया गया जिसमें पैदल चलने वाले तथा वाहनों को चलाने वाले और उसमें बैठे वाहन



सवारों को सभी को ठंडा शरबत पिलाकर प्यास बुझाने का काम किया श्योराज सिंह ने बताया कि भीषण गर्मी पड़ने से तथा तेज धूप पड़ने से हमारा बुरा हाल है तो जो राहगीर दूर दराज से आ रहा है या सफर कर रहा है तो उसका क्या हाल होगा हमने इंसानियत का फर्ज निभाते हुए इस कार्य को किया है। इस अवसर पर कंपनी कमांडर संजय गुप्ता प्रभारी ट्रैफिक प्रमोद कुमार, मान श्योराज सिंह, ऋषिपाल सिंह, राजवीर सिंह, आबिद मलिक, दिग्विजय सिंह आदि होमगार्ड उपस्थित रहे।

### चौंपियनशिप से मैडल जीत कर आए खिलाड़ियों का सम्मान

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बहजोई।** शुक्रवार को चंदौसी के रहने वाले आर्म रैसलिंग खिलाड़ी एलिस प्रताप सिंह और आशीष कुमार को जिला युवा कल्याण अधिकारी संभल हरिप्रेम और जिला उद्योग अधिकारी सत्यवीर सिंह चौहान द्वारा सम्मानित किया गया। जिला ओलंपिक ब आर्म रेसलिंग सचिव आशु शर्मा ने बताया की पिछले माह कासगंज जनपद में उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय आर्म रैसलिंग चौंपियनशिप का आयोजन किया गया था उक्त चौंपियनशिप में जनपद संभल की टीम की ओर से प्रतिभाग करते हुए एलिस प्रताप सिंह और आशीष कुमार का चयन



उत्तर प्रदेश टीम में हुआ था। नागपुर में 6 जून से 10 जून हुई नेशनल आर्म रैसलिंग चौंपियनशिप का आयोजन पीयूपिल आर्म रेसलिंग फेडरेशन ऑफइंडिया के तत्वाधान में हुआ था उक्त चौंपियनशिप में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए एलिस प्रताप सिंह ने 90 किलो ग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीता और आशीष कुमार ने 4जी स्थान प्राप्त किया जनपद आगमन पर दोनो खिलाड़ियों चंदौसी में भव्य स्वागत किया गया फिर उसके बाद कलेक्ट्रेट बहजोई स्थित जिला युवा कल्याण अधिकारी के कार्यालय में जिला युवा कल्याण अधिकारी हरिप्रेम और जिला उद्योग अधिकारी सत्यवीर सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर बीओ विनीत सिद्धू, चित्रवीर सिंह, जगजीत सिंह, अनुज कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### परेड की सलामी लेकर पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बहजोई।** पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत द्वारा पुलिस लाइन बहजोई में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड के दौरान पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउण्ड पर परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। परेड के निरीक्षण के उपरान्त जवानों को शारिरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहने के लिए दौड़ लगवायी गयी तत्पश्चात परेड में शामिल जवानों में एकरूपता व अनुशासन बनायें रखने के लिए ड्रिल करायी गयी। साप्ताहिक परेड के दौरान पीआरवी 112, कार्यालय, मैस, कंट्रोल रूम, स्टोर रूम, कैंटीन, डॉग स्काड, महिला थाना व पुलिस



लाइन परिसर आदि का निरीक्षण कर साफ-सफाई आदि को चेक किया गया तथा उपकरणों के रख रखाव, स्वच्छता के सम्बन्ध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। निरीक्षण के उपरान्त अर्दली रूम में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक कर अद्यतन रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी बहजोई दीपक कुमार आदि अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर अवैध चल रहे अस्पतालों की शिकायत

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** भाजपा नेता गौरव सिंह एडवोकेट ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर इस प्रकार अपनी शिकायत दर्ज की, कि मेरे ग्राम पंवासा संभल में काफी संख्या में आशाओं और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से निजी अस्पताल चल रहे हैं जिनके पास ना तो कोई डिग्री है ना ही कोई अनुभव है गरीब लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है और सीएससी से मात्र 1 किलोमीटर के दायरे में एक क्लीनिक चल रहा है काफी सारे क्लीनिक में कई बार उपचार



के दौरान महिलाओं की मृत्यु भी हो चुकी है लेकिन नोडल अधिकारी से शांठ-गांठ से किसी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर अवैध रूप से चल रहे क्लीनिकों को तथा हॉस्पिटलों पर कार्रवाई करने को कहा गया है कि इन सब फर्जी अस्पतालों को बंद कराकर कठोर से कठोर कार्रवाई करने की कृपा करें।

### महिलाओं ने भीषण गर्मी में बांटा ठंडा शरबत

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप वुमेन शिखर चंदौसी द्वारा आज भीषण गर्मी को देखते हुए गौशाला रोड पर शरबत वितरण किया गया इस मौके पर ग्रुप अध्यक्ष शालिनी शर्मा ने बताया हमें सड़क पर चलने वाले लोगों को ठंडा पानी फ्ररूटी जंजीर आदि का वितरण समय-समय पर करते रहना चाहिए जिससे उनको गर्मी से राहत हो सके जेठ के महीने में पानी वितरण शरबत वितरण का अधिक महत्व माना जाता है। इस



मौके पर ग्रुप कोषाध्यक्ष रागिनी सैनी, सोनिया गर्ग, शीनू शर्मा, शोभा शर्मा, विमलेश सैनी, रेखा दीक्षित आदि मौजूद रहे।


अमर भास्कर

(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- संरक्षक : सुरेश प्रसाद शर्मा
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव

हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।

**-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर***

अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-

**अमर भास्कर कार्यालय**

**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं (उ.प्र.)।**

**पिन कोड-243601**

*Email- amarbhashkar21@gmail.com*

*Whatsapp. No. 9411214614*

# वनाग्नि की घटनाओं के सामने बौनासाबित हुआ सरकारी तंत्र, सीएम धामी की सख्ती नहीं आई काम



**अल्मोड़ा।** वनाग्नि की घटनाओं ने इस बार उत्तराखंड प्रदेश में जमकर कहर ढाया। कुमाऊं के पर्वतीय जिलों में वनाग्नि इस तरह बेकाबू हो गई कि उससे पार पाना सरकार और वन महकमे के लिए टेढ़ी खीर साबित हुआ। कुमाऊं के नैनीताल, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और गढ़वाल के कुछ जिलों में जंगल की आग हद से ज्यादा बेकाबू होती चली गई। नैनीताल समेत अनेक इलाकों में वनाग्नि से निपटने के लिए सरकार को वायु सेना तक की मदद लेनी पड़ी। वनाग्नि की इन घटनाओं में सबसे अधिक प्रभावित अल्मोड़ा जिला रहा। यहां पहले सोमेश्वर तहसील में दो अलग अलग हादसों में पांच लोगों की जान चली गई और बृहस्पतिवार को फिर चार लोग वनाग्नि की भेंट चढ़ गए। ऐसी हालत में अब प्रदेश के अल्मोड़ा जिले में वनाग्नि पर काबू पाना वन महकमे के साथ ही सरकार के लिए भी एक बड़ी चुनौती बन गई है। वनाग्नि की घटनाओं को गंभीरता से नहीं लिया गया तो भविष्य में इसके और अधिक घातक परिणाम सामने आ सकते हैं।

उत्तराखंड के जंगलों में लग रही आग पर सरकार को सुप्रीम कोर्ट भी अपनी सख्ती दिखा चुका है। वनाग्नि को लेकर एक याचिकाकर्ता ने एनजीटी से कोई कार्रवाई न होने के बाद न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था और वनाग्नि की घटनाओं और उससे हो रहे नुकसान से निपटने के लिए ठोस कार्रवाई करने के निर्देश सरकार को दिए जाने की मांग भी की थी। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि वह वनाग्नि से निपटने के लिए हम बारिश अथवा क्लाउड सीडिंग के भरोसे हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठ सकते। इसलिए सरकार को इसके लिए कारगर पहल करनी चाहिए। उत्तराखंड में वनाग्नि के मामलों में सरकार ने कार्रवाई करने के कई दावे किए। 910 से अधिक मामले रजिस्टर किए और 350 से अधिक आपराधिक मामले भी दर्ज किए गए। जिनमें 62 लोगों को नामजद भी किया गया। लेकिन इनमें से 300 से अधिक की भी अभी तक ना तो पहचान हो पाई है और ना ही किसी के खिलाफ कोई कड़ी कार्रवाई। परिणाम जंगलों में आग लगाने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं और सरकार के दावे महज हवाई साबित होते जा रहे हैं।

# मानकों को ताक पर रखकर दिया लाइसेंस, अगले दिन पौध सप्लाई करने आदेश

**देहरादून।** उद्यान विभाग के अधिकारियों ने मानकों को ताक पर रख कर अनिका ट्रेडर्स को पौधशाला का लाइसेंस जारी किया और अगले दिन कंपनी को सेब का पौध सप्लाई करने का ऑर्डर दे रहा है। कंपनी के पास न पौध उपलब्ध थे और न ही नर्सरी लाइसेंस के लिए मानक पूरी करती थी। जांच रिपोर्ट में घोटाले का खुलासा होने पर 12 जून 2023 को तत्कालीन उद्यान निदेशक डॉ. एचएस बवेजा को निलंबित कर प्रदेश सरकार ने चार्जशीट सौंपी थी।

प्रदेश में बागवानी को बढ़ावा देने के लिए उद्यान विभाग की ओर से हर साल किसानों को फलदार पौधे वितरित किए जाते हैं। 2022 में विभागीय अधिकारियों ने अनिका ट्रेडर्स कंपनी को लाभ पहुंचाने के लिए नियमों को ठेंगा दिखाया।



विवाद उठने पर शासन ने जांच के आदेश दिए। जिसमें खुलासा हुआ कि अक्तूबर 2022 में अनिका ट्रेडर्स अस्तित्व में नहीं थी। लेकिन विभागीय अधिकारियों ने नियमों को ताक पर रख कर कंपनी को पांच जनवरी 2023 को नर्सरी का लाइसेंस जारी कर दिया।

नर्सरी के लिए 0.50 हेक्टेयर जमीन होनी चाहिए। जबकि कंपनी के पास अनुबंध की 0.444 हेक्टेयर जमीन ही थी। लाइसेंस जारी करने से पहले विभागीय अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण भी नहीं किया। लाइसेंस जारी करने के बाद कंपनी को उत्तरकाशी, नैनीताल, चमोली, चंपावत, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा जिले में 1.5 लाख पौधे सप्लाई करने का ऑर्डर दिया। सेब मिशन के तहत उत्तरकाशी में एक ही गांव के आठ किसानों को नियमों के विपरीत लाभ पहुंचाया गया। जिलाधिकारी उत्तरकाशी की जांच के बाद 17 जनवरी 2023 को विभाग ने कंपनी का सप्लाई ऑर्डर निरस्त किया। वहीं, 24 जनवरी 2023 को चमोली जिले में पौध सप्लाई का ऑर्डर दिया गया।

तत्कालीन उद्यान निदेशक डॉ. एचएस बवेजा हिमाचल प्रदेश से प्रतिनियुक्ति पर उत्तराखंड आए थे। अक्तूबर 2021 में निदेशक का कार्यभार ग्रहण किया। उन पर आरोप लगे कि कोविड काल के दौरान घर और आफिस की सजावट पर लाखों रुपये खर्च किए। 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले उद्यान विभाग ने अलग-अलग जिलों में सेब, मसाले, मशरूम व सब्जियों के महोत्सव आयोजित किए। जिसमें लाखों रुपये खर्च किए गए। केंद्र सरकार की योजना के तहत स्वीकृत राशि को महोत्सव पर खर्च किया गया। आरोपों के बावजूद भी बवेजा पर अधिकारी भी मेहरबान रहे।

सामाजिक कार्यकर्ता दीपक करगेती की याचिका पर हाईकोर्ट ने अक्तूबर 2023 को सीबीआई जांच के आदेश दिए। लेकिन विभाग सीबीआई जांच के पक्ष में नहीं था। विभाग का चाहता था कि मामले की जांच एसआईटी करे। हाईकोर्ट के निर्णय पर विभाग ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की थी। 16 जनवरी 2024 को सुप्रीमकोर्ट ने खारिज कर हाईकोर्ट के फैसले को सही माना। जिससे उद्यान घोटाले की सीबीआई जांच का रास्ता खुला।

अल्मोड़ा जिले के सामाजिक कार्यकर्ता दीपक करगेती ने उद्यान विभाग में हुए भ्रष्टाचार को उठाया था। सबसे पहले करगेती ने महोत्सव के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च करने का मामला उठाया। भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई के लिए क्रमिक अनशन पर भी किया।

22 को उद्यान मंत्री गणेश जोशी और 30 जून को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन दिए। जिसके बाद सरकार ने जांच के आदेश दिए। 12 जून से 26 जून 2022 तक दीपक करगेती ने हिमाचल पहुंचकर बवेजा के खिलाफ सबूत एकत्रित किए। 28 जून 2022 को सभी सबूतों से साथ दीपक करगेती ने उद्यान मंत्री गणेश जोशी से मुलाकात कर सभी सबूत दिए और ज्ञापन में बवेजा के भ्रष्टाचारों की जांच की मांग की।

14 जुलाई 2022 को दिल्ली प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंचकर पीएमओ में शिकायत की। 7 जनवरी 2023 को करगेती ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की। इसे स्वीकार करते हुए न्यायालय ने सरकार से छह सप्ताह में जवाब मांगा। एक मार्च 2023 को नकली नर्सरी को लेकर करगेती की दूसरी जनहित याचिका को हाईकोर्ट ने स्वीकार कर बवेजा को 28 मार्च को कोर्ट में पेश होने के आदेश दिए। साथ अनिका ट्रेडर्स को होने वाली सभी भुगतान पर रोक लगाई थी। 26 जून 2023 को न्यायालय ने करगेती की तीसरी जनहित याचिका को स्वीकार करते हुए सीबीआई को जांच कर संपूर्ण प्रकरण पर उसकी राय मांग ली। अक्तूबर 2023 में हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच के आदेश दिए।

## जंगल की आग में जलने से चार वन कर्मियों की मौत पर जताया दुख



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**उत्तराखंड।** कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अल्मोड़ा में जंगल की आग में जलने से हुई चार वन कर्मियों की मौत और चार कर्मियों के घायल होने के मामले में अपने ट्विटर अकाउंट एक्स के जरिए घटना पर दुख जताया है। उन्होंने लिखा है कि उत्तराखंड में जंगल की आग बुझाने गए चार कर्मचारियों की मृत्यु और कई अन्य के घायल होने का समाचार अत्यंत दुखद है।

सभी के लिए ईश्वर से प्रार्थना करती हूं। पीड़ित परिवारों को मुआवजा और हर संभव स्तर पर सहायता का आग्रह मैं राज्य सरकार से करती हूं। उन्होंने लंबे समय से पर्वतीय क्षेत्रों में सुलग रहे जंगलों को लेकर भी चिंता जताई है। लिखा है कि पिछले कई महीने से उत्तराखंड के जंगल लगातार जल रहे हैं। सैकड़ों हेक्टेयर जंगल तबाह हो चुके हैं। हिमाचल प्रदेश में भी जंगलों में जगह-जगह आग लगने की सूचनाएं हैं।

एक स्टडी के मुताबिक हिमालय क्षेत्र के जंगलों में आग लगने की घटनाओं में कई गुना बढ़ोतरी हुई है। जलवायु परिवर्तन का सबसे अधिक असर हमारे हिमालय और पर्वतीय पर्यावरण पर हुआ है। मेरी केंद्र और राज्य सरकारों से अपील है कि आग लगने की घटनाओं के रोकने के उपाय हों और हिमालय को बचाने के लिए सबके सहयोग से व्यापक स्तर पर कारगर प्रयास किए जाएं।

# दोस्त की जन्मदिन की पार्टी से लौट रहे युवक की गोली मारकर हत्या

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कटघर थाना क्षेत्र के घोसिया मोहल्ले में आधी रात हिंदू कॉलेज के छात्र हर्ष उर्फ सिद्धू (19) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना में धारदार हथियार के वार से उसका दोस्त भी घायल हो गया। पुलिस का कहना है कि रास्ते में खड़ी बाइक हटाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था।




पुलिस ने इस मामले में लक्षित और उसके पिता राजेश रस्तोगी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। संभल चौराहा डबल फाटक के पास आदर्श नगर वाल्मीकि बस्ती निवासी हर्ष उर्फ सिद्धू (19 वर्ष) हिन्दू कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष का छात्र था। हर्ष अपने दोस्तों के साथ एक बर्थडे पार्टी में शामिल होने गया था। देर रात हर्ष और उसके चार दोस्त पार्टी समाप्त होने के बाद कार से लौट रहे थे। इस बीच जोशियान गली के नजदीक कई बाइक रोड पर खड़ी थीं। कार से हर्ष और सुमित उतरकर बाइक को हटाने लगे। इस दौरान लक्षित रस्तोगी मौके पर आ गया और बाइक हटाने पर गुस्साने लगा।

लक्षित ने अपने पिता राजेश रस्तोगी ने कहा कि यह वही हर्ष से है जिससे उसका पहले भी विवाद हुआ था। कहासुनी होने पर लक्षित और उसके पिता ने हर्ष पर गोली चला दी। आरोप है कि हमलावरों ने सुमित पर तलवार से हमला किया। हमले से भयभीत हर्ष के अन्य दोस्त कार से उतरकर भाग निकले। सुमित का कहना है कि उस पर भी फायरिंग की गई लेकिन वह भाग निकला। आरोपियों ने उसके ऊपर तलवार से हमला किया था। किसी तरह वहां से भाग कर सुमित ने हर्ष के परिवार वालों को कॉल कर जानकारी दी। परिजन दोनों को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे।

इलाज के दौरान हर्ष की मौत हो गई। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि करीब दो माह पूर्व भी किसी बात को लेकर हर्ष उर्फ सिद्धू का आरोपी लक्षित से विवाद हुआ था। उसी रंजिश के कारण बुधवार रात उसने हत्याकांड को अंजाम दिया है।

चाचा सचिन ने बताया कि छात्र हर्ष उर्फ सिद्धू चार भाई-बहनों में तीसरे नंबर का था। पिता गुड्डू ने बताया कि हर्ष की मां की पहले ही मौत हो चुकी है। उसके बड़ा भाई राजीव कुमार, बड़ी बहन विशाखा और छोटी बहन विद्या हैं। हर्ष की हत्या के बाद से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। चाचा ने बताया कि पिता गुड्डू अभी 31 मई को नगर निगम सफाईकर्मी के पद से रिटायर हुए हैं। हत्याकांड की जानकारी मिलने के बाद रात में ही हर्ष के घर पर काफी संख्या में भीड़ इकट्ठा हो गई। समाज से जुड़े लोगों ने थाने पर पहुंच कर आरोपियों को तत्काल गिरफ्तारी की मांग करने लगे। माहौल तनावपूर्ण होने की जानकारी मिलने पर एसएसपी हेमराज मीणा और एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया भी रात में कटघर थाने गए और परिजनों को समझा बुझाकर शांत कराए।

## सार-संक्षेप

### बिल लाओ इनाम पाओ योजना के लकी ड्रॉ के इनाम से मिलेंगे



**उत्तराखंड।** बिल लाओ इनाम पाओ योजना के लकी ड्रॉ इनाम पाने के लिए इंतजार खत्म हो गया है। शुक्रवार को वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ऋषिकेश में विजेताओं को इनाम वितरण की शुरुआत करेंगे। लोकसभा चुनाव की आदर्श संहिता लागू होने के कारण दिसंबर, जनवरी और फरवरी माह में लकी ड्रॉ विजेताओं को इनाम वितरण पर रोक लग गई थी। सामान खरीद पर जीएसटी बिल लेने के लिए राज्य कर विभाग ने बिल लाओ इनाम पाओ योजना शुरू की थी। 31 मार्च को योजना की अवधि समाप्त हो चुकी है। इस योजना में सामान खरीद के जीएसटी बिल भेजने पर हर महीने लकी ड्रॉ से 1500 विजेताओं को स्मार्ट फोन, स्मार्ट वॉच और एयर बड्स दिए जाते हैं। दिसंबर, जनवरी और फरवरी माह में विभाग ने लकी ड्रॉ निकाल लिया था, लेकिन विजेताओं को इनाम नहीं मिले। राज्य कर विभाग के अपर आयुक्त अनिल सिंह ने बताया, ऋषिकेश में विभागीय मंत्री योजना के विजेताओं को इनाम वितरण की शुरुआत करेंगे। जिसके बाद हर जिलों में विजेताओं को इनाम दिए जाएंगे।

### अनियंत्रित होकर सड़क पर पलटा टेंपो, छात्र की मौत



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** नगर के मंशा देवी बस अड्डे के पास सवारियों से भरा टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें बेहटा साहू निवासी अनुज (20) की मौत हो गई। जबकि कई लोग चोटिल हो गए। परिजनों ने पुलिस कार्रवाई से इन्कार कर दिया।

बनियाठेर थाना क्षेत्र के बेहटा साहू गांव निवासी किसान पप्पू दिवाकर का बेटा अनुज मुरादाबाद के एक कॉलेज से बीएससी नर्सिंग का कोर्स कर रहा था। शुक्रवार को उसकी परीक्षा दी। जिसके चलते अनुज बृहस्पतिवार की शाम करीब पांच बजे मुरादाबाद जा रहा था। वह संभल जाने के लिए टेंपो में सवार हो गया। इसमें पहले से छह-सात सवारियां बैठी थीं। संभल-चंदौसी मार्ग पर मंशा देवी बस अड्डे के समीप टेंपो अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में अनुज गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि अन्य लोग मामूली चोट लगी थी। हादसे के बाद एकत्र लोगों ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया। सूचना पर अनुज के परिजन भी सीएचसी पहुंच गए। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद अनुज को गंभीर हालत में रेफर कर दिया। परिजन उसे हायर सेंटर लेकर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई। जिसके बाद परिजन शव गांव ले आए और बिना किसी कार्रवाई के अंतिम संस्कार कर दिया। थाना प्रभारी मोहित काजला ने बताया कि इस संबंध में कोई तहरीर नहीं दी गई है।

## दर्शन कर लौट रही महिला तीर्थयात्री की बिगड़ी तबीयत, इलाज के लिए जाते समय रास्ते में तोड़ा दम

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**उत्तराखंड।** बदरीनाथ धाम की यात्रा से लौटते हुए शुक्रवार सुबह एक महिला तीर्थयात्री की मौत हो गई। मृतक महिला तीर्थयात्री के शव का पुलिस की मौजूदगी में पंचनामा भरकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।



मिली जानकारी के अनुसार बदरीनाथ के दर्शन के बाद बस से घर लौटते समय महिला तीर्थयात्री तुलसा रानी (64 वर्ष) निवासी हरसुंडई हमीरपुर जालौन उत्तर प्रदेश की चटवापीपल के निकट अचानक तबीयत खराब हो गई। परिजनों द्वारा उसे उपचार के लिए पीएचसी गौचर पहुंचाया जा रहा था, लेकिन इस बीच महिला ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। महिला के परिजनों और सह यात्रियों नें बताया कि 55 यात्री चारधाम यात्रा पर आए थे।

शुक्रवार को चारधाम यात्रा पूरी करके घर लौट रहे थे। तभी तुलसा रानी की अचानक तबीयत बिगड़ गई और उसने उल्टी करना शुरू कर दिया। तीर्थयात्री हमीरपुर के लिए लौट गए हैं। चिकित्सा प्रभारी डा मुकेश रावत ने बताया कि महिला की मौत रास्ते में हार्ट अटैक से होने की संभावना है ।


## मंदिर में शादी कर थाने पहुंचे युवक-युवती

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बिलारी क्षेत्र के एक गांव निवासी अलग-अलग धर्म के युवक-युवती ने बुलंदशहर में मंदिर में शादी कर ली। दोनों बिलारी थाने में पहुंचे और साथ रहने की बात कहने लगे। सूचना पर दोनों के परिजन भी थाने पहुंचे और उनको समझाने की कोशिश की, लेकिन दोनों अपनी जिद पर अड़े रहे।

क्षेत्र के एक गांव निवासी 23 वर्षीय युवक निजी गाड़ी पर चालक है। उसका मोहल्ले की ही दूसरे धर्म की 21 वर्षीय युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा है। 11 जून की दोपहर दोनों ने बुलंदशहर के खुर्जा में स्थित आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली।

## ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा कर प्रधान ने बना लिया मकान



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** असमोली ब्लॉक क्षेत्र के गांव बेला में ग्राम प्रधान पर ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा करके उस पर मकान बनाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने तहसीलदार को शिकायती पत्र देकर मामले की जांच कराते हुए अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है।

गांव बेला के ग्रामीणों ने तहसीलदार रवि सोनकर को शिकायती पत्र देकर बताया कि ग्राम प्रधान ने ग्राम समाज की खाली पड़ी भूमि पर सरकारी निर्माण कार्य शुरू कराया था। लोगों ने पूछा तो गांव में उचित दर विक्रेता की दुकान के लिए निर्माण कराने की बात कही थी। आरोप लगाया कि निर्माण पूरा होने के बाद ग्राम प्रधान परिवार के साथ मकान में रहने लगा है। लोगों ने विरोध किया तो ग्राम प्रधान ने दबंगई दिखाते हुए गाली-गलौज की। ग्रामीणों ने तहसीलदार से मामले की जांच कराकर ग्राम प्रधान के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# भविष्य पूछने के लिए किया था वीडियो कॉल, बना दी अश्लील वीडियो क्लिप

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** ज्योतिषी का झांसा देकर जालसाज ने वीडियो कॉल कर युवती की अश्लील वीडियो क्लिप बनाई। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर जालसाज पैसे की मांग कर रहा है। शिकायत मिलने के बाद कोतवाली पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह किसी ज्योतिषी से बात कर अपने भविष्य के बारे में जानना चाहती थी। 25 दिसंबर 2023 को एक दोस्त शानू के माध्यम से उसे एक ज्योतिषी का मोबाइल नंबर मिला। कॉल कर संपर्क किया तो ज्योतिषी ने अपना नाम कबीर बताया था। बातचीत के दौरान तथाकथित ज्योतिषी ने पूजा कराने का आडंबर फैलासा। यह भी कहा कि तुमको पूजा में वीडियो कॉल पर बैठना होगा और मैं अपने यहां से पूजा करूंगा।

युवकी जालसाज के प्रभाव में आ गई। युवती वीडियो कॉल के माध्यम से पूजा पर बैठ गई। जालसाज ने झांसा देकर उससे कई क्रियाएं कराईं। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी ने युवती की एक अश्लील वीडियो तैयार कर ली।



अब उस वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर आरोपी ब्लैकमेल कर रहा है। युवती का कहना है कि आरोपी पैसों की डिमांड कर रहा है। पैसे नहीं देने पर उसने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी है। परेशान होकर युवती ने इस मामले में एसएसपी से शिकायत की। पूरी बात सुनने के बाद एसएसपी ने तत्काल केस दर्ज करने के निर्देश दिए। थाना प्रभारी कोतवाली ऊषा मलिक ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी कबीर के खिलाफ ब्लैकमेलिंग और रंगदारी मांगने का केस दर्ज किया गया है। मोबाइल नंबर की मदद से जांच कर आरोपी की पुलिस तलाश कर रही है।

# गर्भपात की दवा मिफेप्रिस्टोन पर नहीं लगेगी रोक: सुप्रीम कोर्ट




**वाशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली गर्भपात की गोली को प्रतिबंधित करने की मांग को खारिज कर दिया है। इससे राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन को एक बड़ी जीत मिली है। वहीं गर्भपात का विरोध करने वाले समूह और डॉक्टरों को झटका लगा है। न्यायाधीशों ने गुरुवार को 9-० से फैसला सुनाया।

अदालत ने गर्भपात की गोली मिफेप्रिस्टोन को सीमित करने से इनकार कर दिया, जिसपर निचली अदालतों ने रोक लगा दी थी। निचली अदालतों के फैसलों पर रोक लगाने के फैसले से दवा की उपलब्धता गंभीर रूप से प्रतिबंधित हो जाती।

अब सुप्रीम कोर्ट ने इस दवा के पहुंच को सीमित करने के फैसले पर रोक लगा दी है। बता दें, इस दवा का इस्तेमाल देश में आधे से अधिक गर्भपात के मामलों में किया जाता है। अमेरिका में मिफेप्रिस्टोन और मिसोप्रोस्टॉल नाम की गोलियों का इस्तेमाल गर्भ गिराने के लिए होता है। इन गोलियों के सेवन को अमेरिका के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने मान्यता दे रखी है। इन गोलियों का इस्तेमाल गर्भ ठहरने के पहले 1० हफ्तों के अंदर किया जाता है। इन गोलियों की ऑनलाइन डिलीवरी भी होती है।

अमेरिका के जिन राज्यों ने गर्भपात पर रोक लगाई है, अब वहां इन गोलियों की डिलीवरी रोकने के उपायों पर विचार चल रहा है। मिफेप्रिस्टोन को सन् 2००० में एफडीए रेगुलेटरी ने अनुमति दी थी। इस दवा का 6० फीसदी से अधिक गर्भपात के मामलों में इस्तेमाल होता है। बता दें, मिफेप्रिस्टोन टैबलेट से जुड़ी कानूनी लड़ाई तब शुरू हुई थी, जब टेक्सास में एक संघीय न्यायाधीश ने मिफेप्रिस्टोन पर देशव्यापी बैन लगाने का आदेश दिया था। इस फैसले में कहा गया था कि दवा का इस्तेमाल जन्म लेने से पहले ही बच्चे की हत्या करने के लिए किया जा रहा है। इस पर न्यायाधीशों ने फैसला सुनाया कि साल 2०22 में टेक्सास में मुकदमा करने वाले वादी के पास मामले को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक कानूनी आधार का अभाव था, जिसके लिए उन्हें यह दिखाना आवश्यक था कि उन्हें इस तरह से नुकसान पहुंचाया गया है जिसका पता एफ्डीए से लगाया जा सके। अमेरिका में सुप्रीम कोर्ट के गर्भपात को वैध ठहराने का फैसला पलट देने के बाद कई राज्यों में गर्भपात की गोलियों की उपलब्धता सीमित करने कोशिशों पर ध्यान केंद्रित हो गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने साल 2०22 में 1973 के रो एंड वेड नामक फैसले को पलट दिया था। 49 साल पहले उस फैसले में कोर्ट ने गर्भपात कराने को महिलाओं का वैध अधिकार घोषित किया गया था। इसके बाद 14 राज्यों को इस प्रक्रिया पर प्रतिबंध लगाने के लिए प्रेरित किया गया था।

## हिंदुस्तान के चुनाव में कोई धांधली नहीं हुई

**पाकिस्तान।** इमरान खान की पार्टी के सांसद शिबली फराज ने पाकिस्तानी संसद में भारत में हुए चुनाव की तारीफ की है। उन्होंने बुधवार को कहा कि सब जानते है कि पाकिस्तान में हुए चुनावों में धांधली हुई है पर हमारे पड़ोसी देश में भी चुनाव हुए, लेकिन आज कोई नहीं कह सकता कि इसमें धांधली की गई। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान में 8० करोड़ लोगों ने वोट किया है। वहां वोटिंग के लिए लाखों पोलिंग स्टेशन बनाए गए थे। वहां एक व्यक्ति के लिए भी वोटिंग सेंटर बना था।

हिन्दुस्तान में पूरा इलेक्शन ईवीएम से हुआ, जो एक महीने से भी ज्यादा चला। फराज ने अपनी सरकार से पूछा- क्या हिंदुस्तान के चुनावों के नतीजों को लेकर अभी तक एक भी आवाज उठी है। वहां की सारी पार्टियों ने मना है कि चुनाव निष्पक्ष हुए हैं। संसद में सवाल उठाया कि क्या कभी पाकिस्तान में भी बिना किसी धांधली के चुनाव हो सकते हैं।

# जॉर्जिया ने हाथ जोड़कर किया अतिथियों का स्वागत




**इटली।** देश के पुगलिया में दक्षिणी इतालवी तटीय रिसॉर्ट बोर्गो एग्नाजिया में जी7 शिखर सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। यह ऐसे वक्त में हो रहा है, जब रूस-यूक्रेन युद्ध तीसरे साल में दाखिल हो रहा है और गाजा में हमास के खिलाफ इस्राइल की लड़ाई से मानवीय संकट उठ खड़ा हुआ है। नतीजन सम्मेलन से दुनिया के ताकतवर नेतृत्व की उम्मीद पाली जा रही।

इन सब के बीच इटली की 47 साल की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी सबसे ताकतवर नेता बनकर उभरी हैं। यूरोपीय चुनावों में उनकी पार्टी के शानदार प्रदर्शन ने उनकी धमक पूरी दुनिया में दिखा दी है।

बिग 7 संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान और यूनाइटेड किंगडम के नेताओं के बीच केवल एक ही नाम गूंज रहा है और है मेलोनी-मेलोनी। इस बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो बहुत वायरल हो रहा है, इसमें प्रधानमंत्री मेलोनी सभी अतिथियों का अभिवादन कर रही हैं। मामला है गुरुवार का। जब जही7 के सदस्य देशों के शीर्ष नेता शिखर सम्मेलन के लिए इटली पहुंचे।

यहां प्रधानमंत्री मेलोनी ने सभी स्वागत किया। अब इसकी चर्चा ज्यादा हो रही है, क्योंकि पीएम मेलोनी इस दौरान कुछ खास अंदाज में दिखीं। उन्होंने अतिथियों का स्वागत हाथ जोड़कर नमस्ते के साथ किया। बता दें कि जी-7 शिखर सम्मेलन के कुछ प्रमुख एजेंडा में रूस-यूक्रेन संघर्ष, इजराइल-हमास युद्ध, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और जलवायु परिवर्तन शामिल हैं। यूक्रेन, ब्राजील, अर्जेंटीना, तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात, केन्या, अल्जीरिया, ट्यूनीशिया और मॉरिटानिया के नेता भी इस वैश्विक शिखर सम्मेलन में प्रतिभाग कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर इसके कई वीडियो भी सामने आए हैं। इनमें इटली की प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन का भारतीय पारंपरिक तरीके से अभिवादन करती दिख रही हैं।

# सियासी उठापटक रोकने के लिए शरीफ का दांव



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राजनीतिक गलियारे में हलचल जारी है। अब देश में सियासी तनाव कम करने के लिए यहां के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफने नया कदम उठाया है। उन्होंने जेयूआई-एफ के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान के सामने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा बनने का प्रस्ताव रखा है।

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बिलावल भुट्टो जरदारी की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी और अन्य छोटे दलों द्वारा समर्थित गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे शरीफ गुरुवार को जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम एफ के 7० वर्षीय प्रमुख रहमान के घर गए और उनका हालचाल पूछा।

इस दौरान 72 वर्षीय प्रधानमंत्री ने मौजूदा राजनीतिक मुद्दों के समाधान के लिए उनके सामने एक समिति के गठन का प्रस्ताव दिया। साथ ही उनसे सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल होने के लिए भी कहा। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक सूत्र के हवाले से एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया कि जेयूआईएफ नेता को सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल होने और देश में राजनीतिक तनाव को कम करने के लिए प्रस्तावित समिति में अहम भूमिका निभाने का प्रस्ताव दिया गया था।

हालांकि, जेयूआई-एफके एक प्रवक्ता की माने तो मौलाना रहमान ने सरकार में शामिल होने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा, श्मुझे नहीं लगता कि यह सच है कि जेयूआईएफ सरकार में शामिल होगी। सत्ता की तलाश हमारी राजनीति का हिस्सा नहीं है। मौजूदा सरकार के गठन से पहले ही हमारे पास बेहतर पेशकश थी। मौलाना रहमान ने इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ सरकार के दौरान पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट नामक एक विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व किया था।

पीडीएम ने बाद में अप्रैल 2०22 में अविश्वास मत में इमरान खान की सरकार को हटाने के बाद प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनाई थी। पाकिस्तान की सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार के भीतर दरार हाल के दिनों में सामने आई है, जिसमें एक प्रमुख सहयोगी पीपीपी ने सत्तारूढ़ पीएमएल-एन पर वार्षिक बजट की तैयारी में अपने इनपुट को दरकिनार करने का आरोप लगाया और सवाल किया कि क्या शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार अभी भी अपने समर्थन को महत्व देती है।

## पूर्व विदेश मंत्री की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को पिछले साल 9 मई को दंगों में उनकी संदिग्ध भूमिका के लिए 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बृहस्पतिवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ9 मई 2०23 को हुए दंगों के सिलसिले में 19 दिनों की हिरासत काटने के बाद पेश हुए।

एक न्यूज रिपोर्ट के अनुसार हिरासत बढ़ाने के प्रस्ताव को अस्वीकार करने के बाद अदालत ने पीटीआई नेता को 14 दिनों की पुलिस हिरासत में न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बता दें कि कुरैशी पहले से ही आरोपों के चलते जेल में हैं। उनकी हिरासत की अवधि के दौरान अदिलयाला जेल में पूछताछ के लिए रखा गया था। पीटीआई के संस्थापक और पार्टी उपाध्यक्ष को जनवरी में एक साइबर मामले में दस साल की जेल की सजा सुनाई गई थी।

# जेल में बंद अमेरिकी पत्रकार पर चलेगा मुकदमा



**वाशिंगटन।** शीत युद्ध के बाद इवान गेर्शकोविच पहले अमेरिकी पत्रकार हैं जिसे जासूसी के आरोप में रूस में गिरफ्तार किया गया है। सीआईए के लिए जासूसी करने का आरोप लगाते हुए उसपर मुकदमा चलाया जाएगा। रूसी प्रेसेक्यूटर जनरल कार्यालय की तरफ से कहा गया कि गेर्शकोविच को पहली बार हिरासत में लिए जाने के एक से अधिक साल बाद उसपर आरोप तय किया गया। दोषी पाए जाने पर उसे 2० साल की सजा दी जाएगी।

हालांकि, गेर्शकोविच अमेरिकी सरकार और उनके कर्मचारियों ने उनके खिलाफ आरोपों का खंडन किया है। गेर्शकोविच की गिरफ्तारी के दो हफ्ते बाद अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने इसपर प्रतिक्रिया देते हुए इसे गलत तरीके से हिरासत में लेना बताया। रूसी अभियोजकों ने कहा कि देश की संघीय सुरक्षा सेवा ने दस्तावेजों की जांच की। इस दौरान यह पाया गया कि गेर्शकोविच सीआईए के निर्देशों पर काम कर रहा था। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि गेर्शकोविच के खिलाफ लगाए गए आरोप बेबुनियाद है।

उन्होंने कहा, ष्हम शुरू से ही कह रहे कि इवान गेर्शकोविच ने कुछ भी गलत नहीं किया। उन्हें कभी भी गिरफ्तार नहीं किया जाना चाहिए था। पत्रकारिता कोई अपराध नहीं है। उनके ऊपर लगे आरोप झूठे हैं। रूस के सरकार को भी मालूम है कि वे झूठे हैं। उन्हें तुरंत रिहा करना चाहिए। मिलर ने कहा कि अमेरिका इवान गेर्शकोविच के साथ पूर्व अमेरिकी नौसैनिक व्हेलन की रिहाई के प्रयार को जारी रखेगा। बता दें कि व्हेलन को 2०18 में मॉस्को में गिरफ्तार किया गया था। उनपर भी जासूसी के आरोप लगाए गए थे और 16 साल की सजा सुनाई गई।


मिलर ने कहा, ष्जैसा कि हमने कहा था, कुछ दिन पहले हमले इवान और व्हेलन की रिहाई के लिए एक बड़ा प्रस्ताव रखा था। हम उनकी रिहाई सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं। रफ्तार किए जाने के बाद 32 वर्षीय अमेरिकी पत्रकार को मॉस्को के नोटोरियस लेफोर्टोवो जेल में रखा गया है। विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि इवान गेर्शकोविच की हिरासत और जांच प्रक्रिया खत्म हो चुकी है। हालांकि, इस मामले पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा था।

## मासूमों को मौत के घाट उतारने की दोषी महिला मुकदमा

**इंग्लैंड।** बच्चों की हत्या के आरोप में दोषी महिला पर ब्रिटेन में फिर से मुकदमा शुरू किया गया है। महिला पर अब एक नवजात बच्ची की हत्या के प्रयास का आरोप है। आरोपी महिला लूसी लेटबी ने हत्या की कोशिश वहीं की, जिस अस्पताल में वह काम करती थी। जानकारी के अनुसार, लेटबी पर आरोप है कि फरवरी 2०16 में उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड के काउंटेस ऑफचेस्टर अस्पताल में उसने समय से पहले जन्में एक नवजात को मारने की कोशिश की थी।

अदालत में सुनवाई के दौरान वकील निक जॉनसन ने आरोप लगाया कि आरोपी नर्स को एक वरिष्ठ डॉक्टर ने लगभग रंगे हाथों पकड़ लिया था। वकील ने बताया कि आरोपी ने शिशु की श्वास नली को हटा दिया था। शिशु वेंटिलेटर पर थी। वकील ने समझाया कि यदि शिशु की

# सांसदों ने यूएस प्रशासन से लगाई मदद की गुहार



**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक बार डॉक्यूमेंटेड ड्रीमर्स पर खतरा मंडरा रहा है। माता-पिता के वीजा पर रह रहे ढाई लाख से अधिक बच्चों को जल्द खुद को यहां से निर्वासन के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। इनमें अधिकतर भारतीय हैं। इसे देखते हुए 43 सांसदों के एक द्विदलीय समूह ने बाइडन प्रशासन से ड्रीमर्स की सुरक्षा के लिए तुरंत कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

बता दें, डॉक्यूमेंटेड ड्रीमर्स शब्द का इस्तेमाल उन बच्चों के लिए किया जाता है, जो एच-1 बी कामगारों समेत दीर्घकालीन गैर आव्रजक वीजाधारकों पर आश्रित होते हैं, जबतक वे 21 साल के नहीं हो जाते। इसके चलते हजारों भारतीय बच्चों पर खतरा मंडरा रहा है। इनके माता-पिता दशकों से ग्रीन कार्ड का इंतजार कर रहे हैं, जिसे आधिकारिक तौर पर स्थायी निवास कार्ड भी कहा जाता है। यह अमेरिका में साक्ष्य के तौर पर आव्रजकों को जारी किया जाता है, जिससे उन्हें स्थायी तौर पर अमेरिका में रहने की अनुमति मिल जाती है।

सांसदों ने गृह सुरक्षा सचिव एलेजांद्रो मयोरकास और अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवा के निदेशक उर एम जादौ को लिखे पत्र में कहा कि अमेरिका में कानूनी दर्जे के साथ पले-बढ़े होने के बावजूद, दीर्घकालिक वीजा धारकों के बच्चे 21 साल की आयु होने पर अपनी आश्रित स्थिति से बाहर हो जाते हैं और यदि वे नई स्थिति में नहीं आ पाते हैं तो उनके पास अमेरिका छोड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसा इसलिए है, क्योंकि उनके परिवारों के आवेदन पर ध्यान नहीं दिया जाता है। इन लोगों को स्थायी निवासी का दर्जा हासिल करने से रोका जा सकता है। सांसदों ने लिखा, श्ये युवा अमेरिका में बड़े होते हैं, अमेरिकी स्कूल प्रणाली में अपनी शिक्षा पूरी करते हैं और अमेरिकी संस्थानों से डिग्री के साथ स्नातक होते हैं।

वहीं इनके परिवार दशकों तक ग्रीन कार्ड मिलने का इंतजार करते रहते हैं। हालांकि हम लोग इन लोगों को स्थाई रूप से संरक्षित करने के लिए समाधान खोज रहे हैं। मगर द्विदलीय और द्विसदनीय अमेरिका के बाल अधिनियम 2०23 के तहत हम आपसे उन हजारों बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रशासनिक कार्रवाई करने का आग्रह करते हैं, जिन्हें हर साल खुद के निर्वासन के लिए मजबूर किया जाता है।

## दरोगा का रिश्वत लेते वीडियो वायरल

**अलीगढ़।** थाना हरदुआगंज में तैनात दारोगा ताहिर अहमद द्वारा रिश्वत लेते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। इसका वीडियो। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामले की जांच सीओ को सौंपी है। बता दें कि दिनों एक गांव में मारपीट व लड़की से छेड़छाड़ की शिकायत पीडत पक्ष ने थाने में की थी। इसमें गांव के सभ्रांत लोगों ने दोनों पक्षों में समझौता करवा दिया।

इसकी जानकारी थाना पुलिस को दी और पीड़ित पक्ष ने कोई कार्यवाही नहीं चाही। आरोप है दरोगा ताहिर अहमद ने समझौता को मंजूरी देने के लिए 2० हजार की डिमांड कर दी। दरोगा रिश्वत लेने संजय चौहान की फैक्ट्री पहुंच गया। जहां दोनों पक्ष मौजूद थे और गरीबी का हवाला देकर 3 हजार रुपये दिये।

# ओपिनियन पोल में सुनक की पार्टी को रिफॉर्म यूके ने पछाड़ा




**कनाडा।** ब्रिटेन में चार जुलाई को चुनाव होने वाला है। इस चुनाव से पहले गुरुवार को जारी एक ओपिनियन पोल में नाइजेल फराज की रिफॉर्म यूके पार्टी ने ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को पीछे छोड़ दिया। स्थानीय मीडिया के ओपिनियन पोल के अनुसार, रिफॉर्म यूके को 19 फीसदी, जबकि कंजर्वेटिव पार्टी को 18 प्रतिशत वोट मिले।

वहीं लेबर पार्टी 37 प्रतिशत वोट के साथ शीर्ष पर रही। इस ओपिनियन पोल के अनुसार, सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी तीसरे स्थान पर है। यह सर्वेक्षण 12-13 जून को किया गया, जिसमें 2,211 लोगों ने हिस्सा लिया था। नाइजेल फराज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, ष्यह एक अहम मोड़ है। यहां केवल कंजर्वेटिव वोट बर्बाद होने वाला है। हम लेबर पार्टी को चुनौती दे रहे हैं। फराज को यूरोपीय संघ से ब्रिटेन को बाहर निकालने के लिए उनके सफल अभियान के लिए जाना जाता है। बता दें कि इस छोटी दक्षिणपंथी पार्टी की स्थापना 2०18 में ब्रेक्जिट पार्टी के तौर पर की गई थी। पार्टी ने सख्त आव्रजन कानून जैसे मुद्दों का समर्थन किया।

डी-डे स्मारक कार्यक्रम से अन्य विश्व स्तरीय नेताओं से पहले निकल जाने के बाद प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पार्टी को बड़ा झटका लगा है। अन्य ओपिनियन पोल में कंजर्वेटिव पार्टी को रिफॉर्म से आगे बताया जा रहा है। गुरुवार को जारी ओपिनियन पोल में कंजर्वेजिव पार्टी को पीछे छोड़ने के बावजूद कई संसदीय सीट ऐसे हैं, जहां रिफॉर्म के जीतने की उम्मीद नहीं है। रिफॉर्म का समर्थन पूरे देश में फैला हुआ है, जबकि कंजर्वेटिव और लेबर पार्टी का समर्थन भौगोलिक क्षेत्रों में ज्यादा है।

# रूस को हथियार नहीं बेचेगा चीन



**मास्को।** रूस यूक्रेन के बीच लंबे समय से तनाव जारी है। इस बीच यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से फोन पर बात की। इस बातचीत का विवरण देते हुए जेलेंस्की ने बताया कि जिनपिंग ने उनसे कहा कि चीन अपने हथियार रूस को नहीं बेचेगा।

इटली में आयोजित जी-7 सम्मेलन में जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ एक संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में हिस्सा लिया। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि जिनपिंग के साथ उनकी बात कब हुई। बता दें कि आखिरी बार पिछले साल जेलेंस्की ने चीनी राष्ट्रपति से फोन पर बात की थी।

बता दें कि जी-7 शिखर सम्मेलन इटली के अपुलिया क्षेत्र में आयोजित किया गया है। जी-7 संगठन के सदस्य देशों की बात करें तो इसमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी, इटली, जापान और फ्रांस के साथ ही यूरोपीय यूनियन भी शामिल हैं। जेलेंस्की ने कहा, ष्चीन के राष्ट्रपति के साथ मेरी बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि वे रूस को हथियार नहीं बेचेंगे। हम देखेंगे कि अगर वह एक सम्मानित व्यक्ति होंगे तो ऐसा नहीं करेंगे, क्योंकि उन्होंने जुबान दी है। बाइडन के साथ एक संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में बात करते हुए जेलेंस्की ने कहा कि हालांकि, चीन अपने हथियार रूस को नहीं बेच रहा है।

## भारतीय किसान यूनियन चढूनी ने दिया ज्ञापन

**अलीगढ़।** आज जिला अधिकारी कार्यालय कलेक्ट्रेट पर किसान दिवस की मीटिंग रखी गई थी जिसमें सैकड़ो किसान विभिन्न विभिन्न संगठनों से शामिल हुए जिसमें मुख्य रूप से भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव टीकम सिंह सूर्यवंशी ने समस्याओं को विस्तार से रखा। शिक्षा की निजी संस्थानों में किताबें, ड्रेस, फीस को लेकर जो लूटपाट मचाई हुई है, उसे जिला प्रशासन संज्ञान ले और उसका निस्तारण करें। गांव-गांव में आज किसानों को बिजली की बड़ी आवश्यकता है धान की बुवाई का समय आ चुका है।

# दक्षिण अमेरिका में चीन के मेगापोर्ट से बिगड़ेंगे दोनों देशों के रिश्ते




**बीजिंग।** चीन की एक बड़ी कंपनी कॉस्को शिपिंग पोर्ट्स लीमा से 8० किलोमीटर दूर यहां चांके में एक मल्टीपरपस पोर्ट टर्मिनल यानी मेगापोर्ट बना रही है। माना जा रहा है कि ये ऐसा ढांचा होगा जिसके जरिए चीन पेरू में अपनी मौजूदगी बना सकेगा।

अपने बड़े विस्तार और कार्यक्षमता के कारण ये बंदरगाह जल्द ही यहां से होने वाले अंतरराष्ट्रीय व्यापार का केंद्र बन सकता है। हालांकि, इन सबके बीच एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि बंदरगाह का उद्घाटन इस के अंत तक हो सकता है। इसके तैयार होते ही चीन तथा अमेरिका के बीच और अधिक रिश्ते खराब हो सकते हैं। चीन का कॉस्को शिपिंग पोर्ट्स चांके में बंदरगाह को करीब 3.6 अरब डॉलर की लागत से बना रहा है। यहां की सरकार को उम्मीद है कि इससे एशिया और दक्षिण अमेरिका के बीच व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों और अन्य निर्यातों के लिए नए बाजार खोल सकता है। वहीं, पेरू की सरकार को उम्मीद है कि इस बंदरगाह से हर साल चीन और दक्षिण अमेरिका के बीच अरबों डॉलर का व्यापार हो सकेगा। रिपोर्ट के अनुसार, बंदरगाह ने अमेरिका के लिए एक चुनौती खड़ी कर दी है, जो लैटिन अमेरिका में चीन के उदय को रोकना चाहता है।

अमेरिका को चिंता है कि बंदरगाह के जरिए बीजिंग को दक्षिण अमेरिका के संसाधनों पर अपनी पकड़ को और मजबूत करने का मौका मिल जाएगा। इसकी तैयारियों जोरों पर चल रही हैं।


स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक: अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेल: amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2021/82941